# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**नई दिल्ली**

**शनिवार, 18 जनवरी 2025**

माघ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 280
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 17
न्यून. 08

haribhoomi.com


# रूस की सेना में यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे 12 भारतीयों की हुई मौत, 16 लापता

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से बताया कि यूक्रेन के खिलाफ रूस की सशस्त्र सेनाओं की तरफ से लड़ रहे 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि 16 लापता हैं।

आज तक रूस की सेनाओं में शामिल कुल 126 मामले हमारे सामने आए हैं। इनमें से 96 लोग भारत वापस लौट चुके हैं। रूसी बलों की तरफ से इन्हें छुट्टी दे दी गई है। जबकि 18 भारतीय नागरिक बचे हुए हैं। जिनमें से 16 के बारे में हमारे पास कोई जानकारी नहीं है। रूस ने इन्हें लापता घोषित किया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

**जल्द भारत लाया जाएगा केरल के बिनिल बाबू का पार्थिव शरीर, कोशिशें जारी**

## लापता लोगों के परिवारों के संपर्क में भारत

उन्होंने कहा कि भारत को रूसी प्राधिकारियों ने 16 भारतीयों के लापता होने के बारे में सूचित किया है। हम उनके साथ मिलकर इन लोगों के बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही हम 16 लापता लोगों में से कुछ के परिवारों के संपर्क में भी हैं। रूस की सेनाओं में सेवा दे रहे भारतीयों की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग के साथ भारत लगातार रूसी प्राधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है।

## स्वदेश लाने के लिए रूस के संपर्क में हैं भारतीय अफसर

रणधीर ने कहा कि रूस में हुई केरल के रहने वाले भारतीय नागरिक बिनिल बाबू की मौत काफी दुर्भाग्यपूर्ण थी। हमने उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की थीं। भारतीय दूतावास बाबू की पार्थिव देह को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए रूसी अधिकारियों के संपर्क में है। जबकि वहां घायल हुए एक अन्य भारतीय का मास्को के एक अस्पताल में इलाज ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इस मुद्दे पर मोदी-पुतिन कर चुके बातचीत

पिछले साल जुलाई महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बातचीत में रूस की सेनाओं में फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षित भारत वापसी का मामला मजबूती के साथ उठाया था। इसके जवाब में रूस के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे को देखने का आश्वासन दिया था। विदेश मंत्रालय ने पिछले साल ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए

# डी.गुकेश, मनु भाकर सहित 4 खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान किए। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में मारी बाजी

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित 22 वर्षीय भाकर अगस्त में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बन गईं। भारतीय हॉकी टीम कप्तान हरमनप्रीत ने भारतीय हॉकी टीम को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाया। वहीं, 18 वर्षीय गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने, साथ ही पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने में भी मदद की। चौथे प्राप्तकर्ता पैरा हाई-जम्पर प्रवीण, जिन्हें पेरिस पैरालिंपिक में टी64 चैंपियन का ताज पहनाया गया था। टी 64 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके घुटने के नीचे के पैर गायब हैं और दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर हैं।

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 की प्रदर्शनी में बोले पीएम

# जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रहीं, उतनी कई देशों की आबादी नहीं





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में छह दिवसीय 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**वर्ष 2024 में 16 लाख 80 हजार से ज्यादा ईवी बिके**

## पीएम मोदी ने दिया 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन

पीएम मोदी ने 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन दिया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशंस ऐसे हों, जो कॉमन हों, कनेक्टेड हों, कन्वीनिएंट हों, कंजेशन फ्री हों, चार्ज्ड हों, क्लीन हों और कटिंग एज हों। ग्रीन मोबिलिटी पर हमारा फोकस इसी विजन का हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसे मोबिलिटी सिस्टम के निर्माण में जुटे हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली विधानसभा चुनाव: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र पार्ट वन जारी किया

# दिल्ली में भाजपा महिलाओं को देगी हर माह 2500 रू गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 की मिलेगी सब्सिडी

- *विधवाओं एवं बेसहारा महिलाओं की पेंशन को भी बढ़ाकर 3,000 रुपए किया जाएगा*
- *60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन 2 हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रति माह और 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का पेंशन भी बढ़ाकर 3,000 रुपए किया जाएगा*
- *आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा और इसके तहत 10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त होगा।*
- *गर्भवती महिला को मुख्यमंत्री की ओर से 21 हजार रुपए दिए जाएगे*
- *आम आदमी पार्टी के मोहल्ला क्लिनिकों में करीब 300 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ : नड्डा*
- *कहा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने झूठे वादे और जनता के साथ विश्वासघात करने के लिए जानी जाती है*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने की कवायद में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा कि है कि दिल्ली की महिलाओं को 25 सौ रूपये प्रतिमाह देगी। गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। विधवाओं एवं बेसहारा महिलाओं की पेंशन को भी से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया जाएगा। 60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों को वृद्धापेंशन 2 हजार से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह और 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन भी बढ़ाकर 3,000 रुपये की जाएगी।

आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा और इसके तहत 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त होगा। गर्भवती महिला को मुख्यमंत्री की ओर से 21 हजार रुपये दिये जायेंगे। भाजपा ने निर्णय लिया है कि दिल्ली की सभी झुग्गी बस्तियों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए अटल कैंटीन योजना को शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव हेतु पार्टी के संकल्प पत्र पार्ट-वन को जारी किया। नड्डा ने कहा कि पार्ट टू और थ्री जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के विकास के लिए किये गए कार्यों को विस्तार से रेखांकित करते हुए दिल्ली के विकास की दृष्टि से भाजपा के विजन को मीडिया एवं दिल्ली की जनता के सामने रखा। नड्डा ने दिल्ली की जनता से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी द्वारा किये गए झूठे वादों एवं धोखे को लेकर अरविंद केजरीवाल पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, चुनाव सह-प्रभारी अतुल गर्ग, सह-प्रभारी अलका गुर्जर, दिल्ली के सभी सांसद एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। नड्डा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित दिल्ली की नींव रखेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल कर रख दिया है। 2014 से पहले भी घोषणा पत्र जारी किए जाते थे, मगर स्वयं राजनैतिक दल और जनता उन घोषणाओं को भूल जाती थी। प्रेस और मीडिया भी एक-दो दिन के बाद सभी घोषणाओं को भूल जाती थी।

देश की राजनीतिक संस्कृति में परिवर्तन का ही परिणाम है कि आज घोषणा पत्र, संकल्प पत्र के रूप में परिवर्तित हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिलीवरी, डिलीजेंस और लास्ट माइल डिलीवरी का परिणाम है कि अब रिपोर्ट कार्ड की बात होती है। भारतीय जनता पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड है कि 'जो कहा था वो किया है और जो नहीं कहा था वो भी करके दिया है।' इसलिए दिल्ली सहित समूचे देश में एक नारा व्याप्त है कि 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरा होने की गारंटी।' आज जो भी वादे किए जाएंगे, उसको भारतीय जनता पार्टी एक उद्देश्य के साथ दृढ़संकल्पित होकर पूरा करेगी। 2014 में भाजपा ने 500 वादे किए थे, जिनमें से 499 वादों यानी 99.99 फीसद को पूरा किया गया। 2019 में भाजपा ने 235 वादे किए थे, जिनमें से 225 वादों यानि 95.50 फीसद को पूरा करके हमने दिखाया। जो बाकी बचे हुए वादे थे, वे सभी लागू होने की स्थिति तक पहुँच चुके हैं। भाजपा ने गरीब कल्याण, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### महिला सशक्तिकरण

नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये प्रतिमाह महिलाओं को दिया जाएगा और पहली ही कैबिनेट मीटिंग में इसे पारित किया जाएगा। भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का संकल्प लिया है। गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी और दिवाली व होली पर एक सिलेंडर निःशुल्क दिया जाएगा। इसी तरह से मातृत्व वंदना योजना को और शक्ति देने के लिए 6 न्यूट्रीशनल किट और 21 हजार रुपये प्रति गर्भवती महिला को मुख्यमंत्री की ओर से दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 'आप'दा लाई है, आप ने 2021 में महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रति माह देने का वादा किया था लेकिन यह वादा न दिल्ली में पूरा किया गया और न पंजाब में पूरा किया गया। आम आदमी पार्टी ने 2024 में भी कहा था कि 1 हजार रुपये देंगें लेकिन वो भी न दिल्ली और न ही पंजाब में दिए गए। किसी भी योजना को लागू करने का न इनका उद्देश्य है और न ही इनकी नीयत है। विधवाओं एवं बेसहारा महिलाओं की पेंशन को भी 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये कर दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट में आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली सरकार की ओर से भी 5 लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य कवर दिया जाएगा, यानी कुल 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर मिलेगा। 5 फरवरी को दिल्ली की जनता अपना फैसला देगी और पहली ही कैबिनेट में आयुष्मान योजना को लागू करके 51 लाख वंचित लोगों को इसका लाभ दिया जाएगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार केन्द्र के साथ एक एमओयू साइन करे लेकिन केजरीवाल की जन विरोधी आपदा सरकार ने आयुष्मान योजना को लागू नहीं किया। आम आदमी पार्टी के मोहल्ला क्लिनिक भ्रष्टाचार के अड्डे हैं। 100 करोड़ के बजट की दवाइयों की सप्लाई भी दिल्ली मुख्यमंत्री के नजदीकियों को हुई है, इसकी भी जांच की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त योजनाओं और भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को जेल भेजना सुनिश्चित करेगी।


### गरीब कल्याण

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सरल और सफल बनाने के लिए भाजपा ने राजस्थान में उनकी पेंशन में लगातार बढ़ोतरी की है और दिल्ली में भी 60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों को उनकी वृद्धा पेंशन 2 हजार से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह की जाएगी। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और बेसहारा महिलाओं की पेंशन 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

नौसेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री

# भारत की आक्रमण और रक्षात्मक कार्रवाई को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नौसेना के एक कार्यक्रम में कहा कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उथल-पुथल को देखते हुए भारत की आक्रमण और रक्षात्मक कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

साथ ही देश की आर्थिक समृद्धि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) की समुद्री सुरक्षा से जुड़ी हुई है। जलीय क्षेत्र की सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और समुद्री मार्गों को सुरक्षित रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## योजना बनाने संसाधन जुटाने की जरूरत

*रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के लिहाज से पूरा दशक अस्थिर रहा है। दुनिया के कई क्षेत्रों में जारी युद्ध और संघर्ष को देखते हुए हमें अपनी सुरक्षा के लिए योजना बनाने, संसाधन जुटाने और बजट बनाने की आवश्यकता है। भारत को स्थिति के हिसाब से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें सभी भागीदारों से चर्चा करनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने बदलते समय के हिसाब से सशस्त्र सेनाओं को तैयार रहने का भी आह्वान किया। सशस्त्र बलों के अभिन्न अंग नागरिक कार्यबल हैं। ये योजना प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएगा।*






नई दिल्ली में समीक्षा बैठक में सीएम मोहन यादव भी रहे मौजूद

# शाह ने मध्य प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की

मध्य प्रदेश सरकार आपराधिक कानूनों के जल्द से जल्द शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को सुनिश्चित करे

- *राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में भगोड़ों के खिलाफ ट्रायल इन एबसेंटिया की शुरुआत हो*
- *फॉरेंसिक अधिकारियों की भर्ती के लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करे मध्य प्रदेश सरकार*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मध्य प्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, बीपीआर एंड डी के महानिदेशक, एनसीआरबी के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की आत्मा, किसी भी मामले में एफआइआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में न्याय दिलाने के प्रावधान में है। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज करने से पहले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले का मूल्यांकन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## तेजाब से हमला करने के आरोप में तीन लोगों को किया अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर तेजाब हमले के एक मामले को सुलझाने का दावा किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हमला पीड़ित से बदला लेने के लिए किया गया था। मुख्य आरोपी और पीड़ित एक ही महिला से कथित तौर पर 'डेट' कर रहे थे और वे तीनों दोस्त थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आठ जनवरी को बवाना में दवा की दुकान के मालिक प्रकाश (28) पर उनके घर के बाहर तेजाब से हमला किया गया। इससे वह झुलस गए और उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने बताया कि बवाना पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की गई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हमलावर एक कार में सवार होकर आए थे और उन्होंने प्रकाश को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम ने नरेला निवासी मुकेश (35), दीपांशु (24) और सूरज (24) को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुकेश ने बताया कि उसने प्रकाश से बदला लेने के लिए यह हमला किया था, क्योंकि उसका उसी महिला के साथ कथित तौर पर प्रेम संबंध था।

### एक के पैर में लगी गोली

# पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका स्पेशल स्टाफ टीम ने मुठभेड़ के बाद चार घोषित बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश का नाम सज्जन उर्फ लाला है। वह हिस्ट्रीशीटर बताया जाता है।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ कई मामले पहले से दर्ज थे। आजकल ये किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहे थे। योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिये ही बदमाश छावला इलाके के



घुम्मनहेड़ा गांव में इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो उन्होंने टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई और एक बदमाश को घायल कर दिया। इसके बाद सभी चार बदमाशों को काबू कर लिया गया। सभी पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार ये सभी बदमाश नवीन खाती उर्फ पहलवान गैंग से संबंध रखते हैं। इनके पास से 7.65 एमएम के एक पिस्टल के अलावा तीन देसी पिस्टल, छह कारतूस भी बरामद हुये हैं। गिरफ्तार बदमाशों में से सज्जन उर्फ लाला, नीरज उर्फ चोटीवाला, नकुल और संदीप पहले से मर्डर, हथियार के बल पर लूट आदि मामलों में शामिल रहे हैं। मुठभेड़ के दौरान सज्जन पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। वह मर्डर, लूट, हत्या के प्रयास जैसे 11 मामलों में शामिल रहा है। नकुल 14, नीरज आठ और संदीप एक मामले में लिप्त रहा।

# वसंत कुंज के होटल में चल रहा था सेक्स रैकेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- असम, राजस्थान, हरियाणा, वेस्ट बंगाल और दिल्ली की 10 लड़कियां रेस्क्यू
- होटल का मालिक, मैनेजर और एजेंट भी हुआ गिरफ्तार

दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज इलाके में स्थित एक होटल में सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने होटल से 10 लड़कियों भी रेस्क्यू करवाई है। इस सिलसिले में होटल के मालिक, मैनेजर और एजेंट को गिरफ्तार किया गया। बरामद लड़कियां दिल्ली, असम, राजस्थान, वेस्ट बंगाल और हरियाणा की रहने वाली हैं।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि महिपालपुर स्थित होटल द न्यू व्यू में देह व्यापार का धंधा चलता है। इसके बाद पुलिस ने एक नकली ग्राहक को वहां भेजा। दो हजार रुपये में बात तय हुई। जब होटल में सब कुछ ओके हो गया तो एंटी स्नैचिंग सेल और वसंत कुंज नॉर्थ थाने की पुलिस ने छापा मारा। टीम ने होटल से 10 लड़कियों को बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक दलाल अब्दुल रशीद उर्फ बबलू, मैनेजर आकाश कुमार के अलावा होटल के मालिक निगम कुमार को अरेस्ट किया है। यह तीनों वेस्ट बंगाल, बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं। वसंत कुंज नॉर्थ थाना में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि 50 साल का अब्दुल रशीद एजेंट के रूप में काम करता था। वह बाहर से लोगों को अप्रोच कर लाता था। इस गोरखधंधे में होटल का मालिक निगम कुमार और मैनेजर आकाश कुमार पूरी तरह से शामिल थे।

रात होते ही होटल बन जाता था देह व्यापार का अड्डा पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस होटल पर रेड कर दलाल, मैनेजर और मालिक को पकड़ा गया है। वह होटल लड़कियों के लिए रात भर का देह व्यापार का अड्डा बना रहता था। दलाल होटल से दूसरी जगह पर भी लड़कियां सप्लाई करता था। ड्रॉपिंग सर्विस भी दलाल ही मुहैया करवाता था।

## कड़िया गिरोह की तीन महिला सदस्यों को पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महानगरों में चोरी की घटनाओं में संलिप्तता को लेकर चर्चित कड़िया गिरोह की तीन महिला सदस्यों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये गिरफ्तारियां छत्तरपुर इलाके में एक विदेशी नागरिक के साथ हुई चोरी की घटना से जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के कड़िया जिले के गुलखेरी गांव का यह गिरोह बाजारों, शादियों और सार्वजनिक कार्यक्रमों जैसे व्यस्त स्थानों पर लोगों को निशाना बनाता था। अधिकारी के अनुसार गिरोह के सदस्य लोगों का ध्यान भटकाकर उनके पर्स, नकदी और कीमती दस्तावेज चुरा लेते थे। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी को एक विदेशी नागरिक ने पुलिस से शिकायत की कि छत्तरपुर में खरीददारी के दौरान उनका बटुआ चोरी हो गया जिसमें 350 अमेरिकी डॉलर, क्रेडिट कार्ड, वीजा एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। अधिकारी ने बताया कि महरौली थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी और संदिग्धों को पकड़ने के लिए टीम बनायी गयीं। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं की पहचान की गयी और उन्हें बृहस्पतिवार को छत्तरपुर में 100 फुट रोड पर गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। गिरफ्तार की गई महिलाएं मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं, जिनकी उम्र 30 साल के आसपास है। उनमें से एक दिल्ली में दर्ज आठ आपराधिक मामलों में शामिल घोषित अपराधी है।

# गोगी गैंग को हथियार सप्लाई करने वाला बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने गोगी गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसका नाम उज्जवल उर्फ भोलू बताया गया है। बदमाश के पास से एक देशी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस को इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर एक 47 और बड़ी संख्या में कारतूस के फोटो भी अपलोड मिले हैं। एक फोटो में इसने कारतूसों से भोलू लिखा हुआ था। पकड़े गये सप्लायर ने गोगी गिरोह के अंकित उर्फ सावन को हथियार सप्लाई करने की बात कबूली है।

पुलिस के अनुसार भोलू चंदन मार्केट गांव, अलीपुर का रहने वाला है। वह पहले कई मामलों में शामिल था। अलीपुर में भी इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज था। पुलिस टीम द्वारा भोलू के सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार नजर रखी जा रही थी। उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने पर पता चला कि वह अक्सर अवैध हथियार पकड़े हुए तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करता था। वह गोगी गैंग का सक्रिय गुर्गा है। इसके अलावा, इनपुट प्राप्त हुआ था कि वह गोगी गैंग के गुर्गे रोहित उर्फ मोटी मान के निर्देशों पर गैंग के विभिन्न सदस्यों को हथियारों की आपूर्ति कर रहा था। इसके सेक्टर -16, रोहिणी के एक फ्लैट में छिपे होने का पता चला था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसकी गोगी से जान पहचान जेल में रहने के दौरान हुई थी।

# जॉब प्लेसमेंट स्कैम का पर्दाफाश तीन अंतरराज्यीय जालसाज पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



झारखंड में जॉब प्लेसमेंट स्कैम में शामिल तीन अंतरराज्यीय जालसाजों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। दो आरोपी पहले भी इसी तरह के अपराध में शामिल रह चुके हैं। इनके पास से पीड़ित लोगों के छह पासपोर्ट, अपराध में इस्तेमाल किए गए आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद हुये हैं।

डीसीपी संजय कुमार सेन के अनुसार जिस केस के तहत इन्हें गिरफ्तार किया गया वह झारखंड के साकची थाने में दर्ज था। दरअसल 17 दिसंबर को कई पीड़ितों ने साकची थाने में रिपोर्ट लिखवाई थी कि उन्हें नौकरी का झांसा देकर ठगा गया है। हयात कंसल्टेंसी के नाम पर एक जॉब प्लेसमेंट एजेंसी के जरिये यह धोखाधड़ी हुई थी। प्लेसमेंट एजेंसी के मालिक और सहयोगियों ने पीड़ितों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। उन्हें वीजा और अन्य सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया गया था। पीड़ितों से 1.5 से 2 करोड़ रुपये तक की बड़ी रकम ऐंठी गई थी। मोटा पैसा इकट्ठा होने के बाद आरोपी ऑफिस बंद कर कुछ के पासपोर्ट तक लेकर फरार हो गये थे। वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम की मदद मांगी गई थी। सूचना थी कि आरोपी व्यक्ति देश से बाहर भाग सकते हैं और फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में छिपे हैं। आरोपी व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल किए गए संदिग्ध नंबरों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। बाद में इन्हें उत्तम नगर इलाके से ढूंढ निकाला गया। आरोपियों के नाम फैयाज खान निवासी जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश, मुस्ताक सिद्दीकी निवासी जिला गोपाल गंज, बिहार और विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ पंकज सिंह निवासी जिला बलिया, उत्तर प्रदेश बताये गये हैं।

## मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 'रन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन करेगा निगम

नई दिल्ली। मतदाता जागरुकता बढ़ाने और लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के तहत, दिल्ली नगर निगम का साउथ जोन 2 फरवरी, 2025 को 5 किलोमीटर की "रन फॉर डेमोक्रेसी" का आयोजन करेगा। यह दौड़ नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक साकेत से शुरू होकर निर्धारित मार्ग तक जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना और नागरिकों को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साउथ जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने कहा कि सभी इच्छुक नागरिकों को 2 फरवरी, 2025 को 5 किलोमीटर लंबी दौड़ 'रन फॉर डेमोक्रेसी' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जग्गू पुत्र श्री बनवारी लाल, निवासी खसरा नं. 1272, ब्लॉक–K, (SEQ No. K-510), स्वरुप नगर सिटी, दिल्ली–110042** ने **CT Case No. 301/2018, अन्तर्गत थाना स्वरुप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जग्गू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जग्गू**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT Case No. 301/2018, अन्तर्गत थाना स्वरुप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जग्गू**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री प्रशांत कुमार**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत)**
**उत्तर–पश्चिम, कोर्ट संख्या 205**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/661/ON/2025 (Court Matter)**

### वांछित सूचना



अमरनाथ

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमरनाथ पुत्र**: भीवा मांडवे **पता**: ग्राम–हुनर, थाना मंगलहेड़ा, जिला, शोलापुर महाराष्ट्र, **उम्र**: 30 वर्ष ने **FIR No. 120/18, U/s 363/302 IPC थाना: जैतपुर दिल्ली**, उद्घोषणा अपराधी और उक्त अभियुक्त **अमरनाथ** का पता नहीं लगाया जा सका है और चूंकि यह मेरे समाधानप्रद रूप में दर्शाया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमरनाथ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इस प्रकार घोषणा की जाती है कि उक्त **अमरनाथ, FIR No. 120/18, U/s 363/302 IPC थाना: जैतपुर दिल्ली**, का आरोपी है, **लीड्स की जानकारी के लिए संपर्क करें**: एसएचओ/जैतपुर–8750871645, आईओ–8076226652

आदेशानुसार
**श्री सचिन सांगवान**
**एएसजे साउथ ईस्ट कमरा नंबर 613, (एफटीसी) 01**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/731/SE/2025 (Wanted Notice)**


# विधानसभा चुनाव से पहले आचार संहिता उल्लंघन के 244 मामले दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सात जनवरी से 16 जनवरी के बीच आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के 244 मामले दर्ज किये हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक बयान के अनुसार इस अवधि के दौरान आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत कुल 9,558 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने सीमा चौकियों पर सतर्कता बढ़ा दी है तथा हथियारों, शराब और मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस ने सात जनवरी से 16 जनवरी के बीच कथित एमसीसी उल्लंघन के 244 मामले दर्ज किए और 152 अवैध आग्नेयास्त्र तथा 110 कारतूस जब्त किए। पुलिस ने 25,719 लीटर शराब और 62.21 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किये, जिनकी कीमत 14 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा 1,200 से अधिक प्रतिबंधित 'इंजेक्शन' भी जब्त किए गए। बयान में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 1.84 करोड़ रुपये नकद और 37.39 किलोग्राम चांदी जब्त की है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

# दिल्ली पुलिस ने माता-पिता की डांट के बाद घर से भागे भाई-बहन को ढूंढ निकाला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने माता-पिता की डांट के बाद घर से भागे दो बच्चों को ढूंढ निकाला है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, 10 वर्षीय लड़की अपने एक साल के भाई को लेकर घर से भाग गयी थी। यह घटना बुधवार को उस समय सामने आई, जब इन बच्चों की मां ने नरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई और प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। बच्चों का पता लगाने के लिए पुलिस के कई दल लगाये गए थे। अधिकारी ने बताया कि 70 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, जिसमें पता चला कि बच्चे नरेला मार्केट से बस में सवार हुए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस नरेला रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) से बच्चों के मथुरा जाने का पता चला। उन्होंने बताया कि इस घटना के बारे में मथुरा पुलिस को सूचित किया गया और बाद में उन्हें मथुरा में जीआरपी द्वारा अपने संरक्षण में ले लिया गया।

# महिला मुख्यमंत्री के रहते बदलती रही है दिल्ली की सत्ता, आतिशी तोड़ पाएगी यह मिथक

सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली

आजाद भारत में दिल्ली विधानसभा की सत्ता में जब भी परिवर्तन हुआ, उस समय महिला मुख्यमंत्री सीट पर रही है। वर्तमान में भी दिल्ली की मुख्यमंत्री एक महिला यानी आतिशी हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या आतिशी इस मिथक को तोड़ पाएंगी। खुद की जीत के अलावा आतिशी के सामने दूसरी चुनौती के रूप में आम आदमी पार्टी का सत्ता वापसी भी चुनौती बना हुआ है। वर्ष 1956 में दिल्ली विधानसभा भंग करने के बाद पुन 1993 में दिल्ली विधानसभा का चुनाव हुआ इसमें भाजपा बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब हुई। लेकिन पांच साल पूरे करते करते भाजपा ने तीन सीएम बदले। भाजपा द्वारा लगातार सीएम बदलने के क्रम में सुषमा स्वराज को तीसरी मुख्यमंत्री के रूप में दिल्ली की सत्ता मिली। स्वराज के नेतृत्व में वर्ष 1998 में हुए दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा और कांग्रेस की सरकार के हिस्से दिल्ली की सत्ता आई। यह पहला मौका था जब महिला मुख्यमंत्री स्वराज के रहते दिल्ली विधानसभा की सत्ता का परिवर्तन हुआ, भाजपा गई और कांग्रेस



### आजादी के बाद दिल्ली विधानसभा का गठन 17 मार्च 1952 को हुआ था

सनद रहे कि आजादी के बाद सबसे पहले दिल्ली विधानसभा का गठन 17 मार्च 1952 को पार्ट-सी राज्य सरकार अधिनियम-1951 के तहत पहली बार किया गया प्रथम विधानसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी जिसके मुख्यमंत्री किसान नेता चौधरी ब्रह्म प्रकाश थे। जबकि दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में गुरुमुख निहाल सिंह को सत्ता मिली। लेकिन केंद्र सरकार ने एक अक्टूबर 1956 को दिल्ली विधानसभा भंग कर दी थी। केंद्र ने लगभग 35 साल बाद 1991 में संविधान में 69वां संशोधन कर दिल्ली के लिए विधानसभा की व्यवस्था की। जबकि वर्ष 1992 में दिल्ली में सीटों का परिसीमन हुआ और अंत में 1993 में पुन दिल्ली विधानसभा चुनाव हुआ था। ऐसे में इतिहास बताता है कि किसी भी पुरुष के मुख्यमंत्री रहते दिल्ली की सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ। यानी आजाद भारत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के द्वारा जब भी सत्ता परिवर्तन हुआ है, उसमें अब तक का इतिहास है कि महिला मुख्यमंत्री के रहते ही सत्ता परिवर्तन हुआ है।

आई। दूसरी बार सत्ता परिवर्तन 15 साल बाद हुआ, उस समय भी दिल्ली विधानसभा की सत्ता एक महिला मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के हाथ में थी। वर्ष 2013 में एक बार फिर इतिहास ने खुद को दोहराया और लगातार 15 साल से दिल्ली की सत्ता चला रही कांग्रेस की शीला दीक्षित को नई नवेली आम आदमी पार्टी ने बुरी तरह हराकर सत्ता परिवर्तन किया। इस बार भी एक महिला मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के रहते ही सत्ता का परिवर्तन हुआ और आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। इसी क्रम में अब विधानसभा चुनाव 2025 की उल्टी गिनती चल रही है। इसे संयोग कहे या कुछ और कि इस बार भी एक महिला आतिशी मुख्यमंत्री है और चुनाव हो रहे है। बेशक आप पार्टी का पूरा दारोमदार तीन बार सीएम रहे अरविंद केजरीवाल के कंधों पर हो। लेकिन समय का चक्र एक बार फिर घुमकर वहीं आ खड़ा हुआ है जहां एक महिला आतिशी के सीएम रहते विधानसभा का चुनाव हो रहा है। अगर किन्हीं कारणों से आम आदमी पार्टी की सरकार चली जाती है तो दिल्ली विधानसभा के इतिहास में लिखा जाएगा कि महिला सीएम के रहते ही सत्ता परिवर्तन होता आ रहा है। बताते चले कि अरविंद केजरीवाल 2013 में शीला दीक्षित को हराकर मुख्यमंत्री बने थे और लगातार तीन बार सीएम बने। लेकिन तथाकथित शराब घोटाले में केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। कोर्ट की सख्त शर्तों के चलते केजरीवाल को सीएम पद छोड़ना पड़ा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आतिशी को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली। जाहिर है दो बार के सत्ता परिवर्तन का इतिहास तो यही बताता है कि महिला मुख्यमंत्री के रहते ही दिल्ली की सत्ता परिवर्तन होता है। इस बार यह मिथक टूटेगा या इतिहास खुद को दोहराएगा यह तो 8 फरवरी को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा।


**IndusInd Bank**

**Office address: C-53, Kiran Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad (U.P.) 201002**

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL |
|---|---|---|---|---|---|
| 940000186424 | G HARSH | UP80JT2961 | E446CDRD101440 | MC2EGFRC0RDB48629 | EICHER PRO2059XP F HSD 14FT PS BS VI |
| DAE00157L | R VINEET | UP82AT2911 | NJPZ113469 | MB1A3HCD7NAJM3143 | AL 1615 5200WD 22FT SLEEPER CABIN BS VI |
| DAE00164L | S MANBEER | UP86AT0319 | NHPZ118605 | MB1A3HCD9NAHM4783 | AL 1615 5200WD 22FT SLEEPER CABIN BS VI |
| DAL02342L | K AZAD | UP81DT5893 | E426CDNH404723 | MC2ESLRC0NH213326 | EICHER PRO 2114XP L HSD 22FT PRM BS 6 |
| DMM02083L | R DEEPAK | UP15ET4674 | EAK1D16166 | MA1ZN2EAKK1D40758 | M&M BOLERO PIK-UP FB SINGLE CAB 4WD |
| DMM02265L | K SACHIN | N/A | 4SPCR18KWX633109 | MAT804021P8K17919 | TATA SFC 407 / 33 GOLD RJ BS VI |
| DUE00157L | A NAFEES | UK17CA5349 | TUP4C91707 | MA1RV2TUKP6C31751 | BOLERO MAXX HD 1.3LX BS6II |
| UHM01652L | A MOHD SHAHNWAJ | UP23AT1394 | 4HK1EX148749 | MBUNIR75EX0000731 | SML ISUZU SARTAJ TRUCK |
| 920000091573 | SUKHVEER SINGH | N/A | RMPZ503425 | MB1U1VLD8RPLA8102 | ASHOK LEYLAND U5525 BS6 TIP TAILER |
| ULY02011D | K FARHAT | UP25FT5894 | B6.7B62300D02132D64287426 | MAT566013P1D11534 | TATA LPT 4830 COWL BS6 |
| DMM02599D | A SAFDAR | UP15GT8308 | PDHZ431379 | MB1A5HCD2PRDP6381 | ASHOK LEYLAND 1915 HE BS6 HSD FBT |
| UHM01723D | M ANAS | UP38T9807 | B6.7B6A250D02132A64260077 | MAT793008P1A00755 | TATA LPT 4225 COWL CHASSIS BS VI |
| UHM01807D | MS SUR TECH | UP38AT0466 | B67B62300D02132C64283940 | MAT828050P2D09607 | TATA SIGNA 5530 BS6 FB TIP TRAILOR |
| ULY00313E | K RAVI | N/A | 32K84555711 | HYNDN635AE0007166 | HYUNDAI R215 SP EXCAVATOR WITH HDB215 RB |
| UHM00373E | H FURKAN | UP38AT1218 | A50HTCNBC0000476 | *ACEAX124CP0505833* | ACE AX124 4WD BACKHOE LOADER |
| AA1C74945 | K VINOD | UP78FJ3299 | F8BIN5092180 | MA3EVB11S01866686 | MARUTI OMNI 8 STR 796CC BS IV |
| AA2C51733 | C PUSHPA SINGH | UP25ET3616 | G12BN1009750 | MA3ERLF1S00980842 | MARUTI EECO 7 SEATER STD PET 1196CC |
| AA3C48069 | H NIKKI | UP80EX1949 | 105LCR02JRYW37001 | MAT629127JKJ92765 | TATA TIGOR XM 1.05 DIESEL BSIV |
| AA3C49731 | M SATISH SAHU | UP85BQ9673 | K12MN9081059 | MA3CZF63SLA647323 | MARUTI DZIRE VXI CNG 1.2L 5MT BS VI |
| AA3C54849 | S JAVAR | UP80ET6289 | G12BN682182 | MA3ERLF1S00702189 | MARUTI EECO 5 SEATER CNG 1196 CC |
| AA3C71369 | S PREM DUTT | UP80EA3958 | K10BN7886005 | MA3ETDE1S00387235 | MARUTI CELERIO VXI (AMT) / (AGS) BS IV |
| AA5C17551 | Y MANOJ | UP80ET1636 | K10BN5036946 | MA3EWDE1S00E57392 | MARUTI WAGON R VXI (O) 998CC BSIV |
| DAL03321C | S GAJRAJ | UP81DT5741 | G12BN1145653 | MA3ERLF1S00A78838 | MARUTI EECO 5 STR AC (O) CNG BS VI |
| DAL03947C | K RIJAVAN | UP81DD6124 | K10CNC265974 | MA3RFL61SPB431872 | MARUTI S-PRESSO VXI (O) AGS BS VI |
| DAL03983C | ABRAR K | UP13AZ1260 | D4FCHM434282 | MALBM51RLHM453807*J | HYUNDAI I20 ASTA 1.4 DLS E3 1396CC |
| DAL03993C | K FIROJ | UP85AU8238 | G12BN409060 | MA3ERLF1S00432371 | MARUTI EECO 7 SEATER STD PET 1196CC |
| DDA03598C | K SACHIN | UP14FL0378 | K10CN1079337 | MA3SFM61SNK124343 | MARUTI ALTO K10C VXI BS VI |
| DMM02889C | K VIPIN | UP15CV8367 | G12BN645779 | MA3ERLF1S00665902 | MARUTI EECO 7 SEATER W/O AC 1196CC |
| DMM02929C | H MUKARAM | UP19Q6638 | XZP6D39859 | MA1NA2XZXP6D40938 | M&M BOLERO NEO N10 BS VI |
| ULY06801C | K SACHIN | UP25CT5164 | K10BN8047194 | MA3EWDE1S00D33111 | MARUTI WAGON R LXI 998 CC BS III |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : Ghaziabad** Contact Person : Manish Agarwal, Mob.No: 9791015623



# दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025




## खबर संक्षेप

### प्रदूषण में कमी के बीच ग्रैप-3 के प्रतिबंधों को लिया गया वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण का स्तर कम होने के बीच केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-3 के तहत प्रतिबंधों को वापस ले लिया है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई। इस सप्ताह की शुरुआत में मंद हवाओं, कम तापमान और कोहरे के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ गया था, जिसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के तीसरे और चौथे चरण के तहत कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए थे। क्षेत्र में बारिश के बाद प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बीच आयोग ने बृहस्पतिवार को चरण-4 के तहत प्रतिबंधों को हटा दिया। शुक्रवार को तेज हवाओं के कारण प्रदूषण के स्तर में और कमी आई, जिसके बाद तीसरे चरण की पाबंदियों को भी वापस ले लिया गया है।

### टिकट कटे प्रत्याशी ने भाजपा को बताया अपनी मां, मतभेद दूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए शुक्रवार को अंतिम दिन था और नरेला विधानसभा से भाजपा का टिकट कटे हुए प्रत्याशी शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता नीलदमन खत्री के पास भाजपा आलाकमान की तरफ से फोन आया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश धनखड़, आपसे मिलने आ रहें हैं जिसके बाद नीलदमन खत्री ने हवन कार्यक्रम में ऐलान किया कि भाजपा उनकी मां और मां जो कहेगी वह मानी जाएगी। इसके बाद वहां भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री पहुंचे और दोनों एक दूसरे के गले मिले और मतभेद दूर किए। दोनों ने एक दूसरे का भाई बताया और कहा कि नरेला ही नहीं दिल्ली में भाजपा बनाएगी सरकार।

### नई दिल्ली सीट पर राहुल गांधी संदीप के लिए करेंगे प्रचार

**नई दिल्ली।** हॉट सीट बन चुकी नई दिल्ली विधानसभा सीट पर प्रचार के लिए अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी उतर रहे है। दिल्ली की इस हाई प्रोफाइल विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने अपने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उतारा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी सोमवार को संदीप के समर्थन में नई दिल्ली विधानसभा सीट पर प्रचार करेंगे। सूत्रों का कहना है कि राहुल लोगों से मिलेंगे, जबकि सीट अंतर्गत विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी करेंगे। खबर है कि राहुल अपने चिर परिचित अंदाज में वह उन जगहों पर जाएंगे जहां विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। कांग्रेस की रणनीति है कि केजरीवाल को उनके ही घर में पूरी तरह से घेरकर रखा जाए।

---


**केजरीवाल की गारंटी : बस-मेट्रो के किराए का खर्च अब शिक्षा में नहीं बनेगा रुकावट**

# 'आप' सरकार फिर बनने पर छात्र बसों में करेंगे मुफ्त सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बस और मेट्रो के किराए का खर्च अब शिक्षा में रुकावट नहीं बनेगा। हमारी सरकार बनने पर हम स्कूल-कॉलेज के छात्रों के लिए बसों में मुफ्त सफर शुरू करेंगे और मेट्रो किराए में भी रियायत देंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता कर दिल्ली के सभी छात्रों को यह गारंटी देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप की सरकार बनने पर महिलाओं के साथ-साथ सभी छात्रों का भी बस में सफर बिल्कुल मुफ्त होगा और मेट्रो के किराए में भी उन्हें रियायत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों पर खर्च होने वाला हर एक पैसा देश के



भविष्य में निवेश है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली मेट्रो केंद्र और दिल्ली सरकार का

**केजरीवाल ने मेट्रो के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

50-50 फीसद का ज्वाइंट वेंचर है। इसलिए मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि हमें मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायत देनी चाहिए और रियायत देने के कारण जो खर्चा आएगा, उसे दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच में 50-50 के अनुपात में शेयर किया जाए। अगर भाजपा छात्रों को मेट्रो में छूट देने की बात अपने संकल्प पत्र में शामिल नहीं करती है तो छात्र उसको क्यों वोट देंगे? केजरीवाल ने कहा कि हमारी ओर से हम छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह से मुक्त करने की योजना बना रहे हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे।

**लड़कों को भी मिलेगा बस में फ्री यात्रा का फायदा**

केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि आप की सरकार सबसे ज्यादा शिक्षा को तवज्जो देती है। क्योंकि पढ़ेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। ऐसे बहुत गरीब बच्चे हैं, जिनकी स्कूल और कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होने के कारण शिक्षा छूट जाती है। इसलिए आज मैं एक सबसे बड़ा ऐलान कर रहा हूं कि आप की सरकार बनने पर छात्रों को भी बस में फ्री सफर की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं के लिए पहले से ही बसों में फ्री यात्रा की सुविधा है। इसलिए लड़कियों को इस सुविधा का फायदा मिलता है, लेकिन लड़कों को नहीं मिलता है।



बवाना विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रविन्द्र इन्दराज ने शुक्रवार को नामांकन भरने से पहले अपने परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ हवन किया।



### भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन किए दाखिल

नई दिल्ली। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन मंगलकारी मुहुर्त में दाखिल किए। तीन दिन में सभी प्रत्याशियों के सफल नामांकन के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली भाजपा के सभी 68 प्रत्याशियों के लिए दिल्ली की जनता द्वारा प्यार और आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद किया। शुक्रवार को नामांकन भरने वालों में महरौली से गजेन्द्र यादव और दिल्ली कैंट से भुंवन तंवर ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में, बवाना से रविन्द्र कुमार ने संजीव बाल्यान की उपस्थिति में, ग्रेटर कैलाश से शिखा राय ने बांसुरी स्वराज की उपस्थिति में, वजीरपुर से पूनम शर्मा ने अतुल गर्ग की उपस्थिति में, संगम विहार से चंदन कुमार चौधरी ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में, त्रिलोकपुरी से रविकांत उज्जैन ने एवं कोंडली से प्रियंका गौतम ने प्रेमचंद बैरवा की उपस्थिति में, शाहदरा से संजय गोयल ने रवनीत सिंह बिट्टू की उपस्थिति में, बाबरपुर से अनिल वशिष्ट ने लाल सिंह आर्या की उपस्थिति में, गोकलपुरी से प्रवीण निमेश ने डॉ अलका गुर्जर की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया।

---

# आप-दा का होगा सफाया, बनेगी डबल इंजन की सरकार: सचदेवा

**बापरौला से निगम पार्षद रविंद्र सोलंकी और मंगलापुरी से पार्षद नरेंद्र गिरसा ने की भाजपा की सदस्यता ग्रहण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 5 फरवरी को जब मतदान होगा तो दिल्ली में आप-दा का सफाया होगा और दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। साथ ही दिल्ली में लगातार विकास कार्य की गति दो गुणी रफ्तार से आगे बढ़ेगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में




शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के बापरौला के निगम पार्षद रविंद्र सोलंकी और मंगलापुरी से निगम पार्षद नरेंद्र गिरसा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान यह संबोधन दिया। इस अवसर पर सचदेवा ने पार्टी का पटका पहनाकर दोनों निगम पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और दोनों का स्वागत किया और आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 10 सालों में सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। दिल्ली सरकार की हर योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है।

इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत एवं योगेन्द्र चंदोलिया, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और अन्य दलों से पार्टी में प्रवेश समिति सदस्य नितिन त्यागी भी उपस्थित थे।




करोल बाग से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल धानक ने क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए आप और भाजपा की बजाय कांग्रेस को वोट देने की अपील की।

## भाजपा पूर्वांचल समाज को देखती है तिरस्कार की नजर से: केजरीवाल



- आप ने 12 पूर्वांचलियों को तो भाजपा ने सिर्फ 5 को दिया टिकट : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केवल आम आदमी पार्टी ही पूर्वांचल समाज की इज्जत और सम्मान करती है। इसलिए हमने दिल्ली चुनाव में पूर्वांचल समाज से आने वाले 12 लोगों को टिकट दिया है, लेकिन भाजपा ने सिर्फ 5 को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर दिल्ली चुनाव में पूर्वांचल समाज के सिर्फ 5 लोगों को टिकट देने पर भाजपा पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा पूर्वांचल समाज को बड़े ही तिरस्कार की नजर से देखती है और उन्हें बांग्लादेशी व रोहिंग्या कह कर अपमानित करती है। हमारी सरकार ने दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल समाज के लिए ढेरों काम किया है, लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा ने उनके लिए एक भी काम नहीं किया। जब भाजपा ने कोई काम ही नहीं किया तो पूर्वांचल समाज उसको वोट क्यों दे? केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मन में पूर्वांचल समाज के लोगों के लिए बहुत इज्जत है। उत्तर प्रदेश और बिहार के हमारे पूर्वांचली भाई दिल्ली पढ़ने आते हैं या फिर रोजगार की तलाश में आते हैं। वह दिल्ली में इतने सालों से रह रहे हैं कि वह दिल्ली को ही अपना घर बना लेते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि मुझे बेहद दुख है कि भारत की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा पूर्वांचलियों को बड़ी तिरस्कार की निगाहों से देखती है। मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि दिल्ली के अंदर पिछले 10 साल से उनकी सरकार चल रही है, उन्होंने इन 10 सालों में पूर्वांचल समाज के लोगों के लिए क्या काम किया है? भाजपा एक काम बता दे। मैं पूर्वांचल समाज के लिए किए गए अपने 10 काम गिना दूंगा, लेकिन भाजपा एक काम बता दे।

## हर वर्ग को समाज से जोड़ना यह है भाजपा का संकल्प : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- भाजपा सांसदों ने भी संकल्प पत्र पर रखे अपने विचार

हर वर्ग को समृद्ध करना और हर वर्ग को समाज से जोड़ना यह भाजपा का संकल्प है। शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा जारी दिल्ली वालों के लिए संकल्प पत्र के भाग एक को जारी करने के बाद दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने यह जानकारी दी। सचदेवा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोहिणी की रैली में कहा था और आज एक बार उसको उसी प्रतिबद्धता के साथ फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दोहराया है कि दिल्ली में जितनी भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं वे जारी रहेंगी और साथ ही जिन योजनाओं को रोकने का पाप अरविंद केजरीवाल ने किया है उन योजनाओं को साथ में जोड़कर भ्रष्टाचार मुक्त करके दिल्ली के लोगों को एक डबल तोहफ़ा देने की बात राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कही है। केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद हमने जो घोषणाएं की है वह हमारे लिए संकल्प है और भाजपा अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। सांसद एवं प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा द्वारा दिल्ली के लिए जारी किए गए संकल्प पत्र में बड़ी सौगात दिल्ली की महिलाओं को, गरीबों को और बुजुर्गों को दी गई है। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो घोषणाएँ की हैं, उनमें प्रतिबद्धता और विकास की गारंटी स्पष्ट रूप से झलकती है। नड्डा ने बताया कि 2014 के संकल्प पत्र की 99 फीसदी और 2019 के संकल्प पत्र की 95 फीसदी घोषणाएं भाजपा ने पूरी की हैं।

### भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर यह आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प पत्र नहीं है, बल्कि "केजरीवाल पत्र" है कि दिल्ली में केजरीवाल की सभी योजनाओं को जारी रखेंगे। भाजपा का दिल्ली की जनता से कहना है कि केजरीवाल वाले सारे कार्य करने के लिए भाजपा को वोट दो। केजरीवाल वाले सारे कार्य तो केजरीवाल ही ज्यादा अच्छे करेगा, तो फिर कोई भाजपा को वोट क्यो दे? केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर एक शब्द नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरेआम खुले में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं, जिसका लाभ भाजपा वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती है, कार्य करना आता है और कार्य ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ करते हैं।



### अंतिम दिन कांग्रेस उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनावों के नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेस के कई उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। इनमें दिग्गज नेता कहे जाने वाले मुकेश शर्मा ने पूरे दलबल के साथ उत्तम नगर सीट के लिए पर्चा भरा। वहीं पटेल नगर से कृष्णा तीरथ, दिल्ली कैंट से प्रदीप कुमार उपमन्यु, गोकुलपुर ईश्वर सिंह बागड़ी, रोहताश नगर से सुरेशवती, तिमारपुर से लोकेंद्र सिंह, तुगलकाबाद से विरेंद्र सिंह बिधूड़ी, संगम विहार से हर्ष चौधरी, कौंडली से अक्षय कुमार, करोल बाग से राहुल धानक, सदर बाजार से अनिल भारद्वाज, पालम से मांगे राम, त्रिलोकपुरी से अमरदीप, बदरपुर से अर्जुन सिंह भड़ाना, किराड़ी से राजेश गुप्ता, मुंडका से धर्मपाल लाकड़ा, आर के पुरम से विशेष टोकस और शाहदरा से जगत सिंह ने अपना नामांकन किया।

---

**पटेल नगर, करोल बाग और मोती नगर विधानसभा में किया रोड शो**

# दिल्लीवालों ने केजरीवाल को हमेशा दिया प्यार: मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में पटेल नगर, करोल बाग और मोती नगर विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान भगवंत मान ने दावा किया कि दिल्लीवालों ने केजरीवाल को हमेशा प्यार दिया और इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज कराएंगे। उन्होंने बताया कि तीनों ही रोड शो में समर्थकों का प्यार और आशीर्वाद मिला। समर्थक 'फिर लाएंगे केजरीवाल' की धुन पर जमकर थिरकते दिखे। इस दौरान भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को हमेशा खूब प्यार दिया है। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार भी दिल्लीवाले अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों को अपना परिवार मानते हैं, लेकिन भाजपा वाले सिर्फ गाली-गलौंज करते हैं और इनके पास कोई मुद्दा भी नहीं है। आम आदमी पार्टी की नीयत साफ है। इसीलिए दिल्ली और पंजाब में स्कूल, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिकों पर काम हो रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि भाजपा को लगता है कि ये लोगों को पैसे, जूते-चप्पल और जैकेट दे देंगे तो जीत जाएंगे, लेकिन दिल्ली के लोग बिकाऊ नहीं हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने पटेल नगर, करोल बाग और मोती नगर विधानसभा में 'आप' प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया।

### दिल्ली में इस बार फिर झाड़ू चलेगी : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने विकासपुरी, द्वारका और मटियाला विधानसभा में 'आप' प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दावा करते हुए बताया कि तीनों ही जनसभाओं में लोगों की भीड़ रही। इस दौरान लोगों ने 'फिर लाएंगे केजरीवाल' के जमकर नारे लगाए। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में इस बार फिर झाड़ू चलेगी। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार सीएम बनाने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में हर महीने 2100 रुपए दिया जाएगा और संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त कराया जाएगा। उन्होंने दिल्ली के लोगों को आगाह करते हुए कहा कि भाजपा श्मशान बनाने वाली पार्टी है, ये लोग आपके लिए स्कूल-अस्पताल नहीं बना सकते। संजय सिंह ने कहा कि अगर तराजू में तौलेंगे तो अरविंद केजरीवाल का काम भाजपा के झूठ पर बहुत भारी पड़ेगा।

## जाट समाज के ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर राजनीति न करें आप-भाजपा : फोगाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महिला पहलवान व हरियाणा से विधायक विनेश फोगाट ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि जाट समाज के ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और भाजपा सिर्फ राजनीति न करें। उन्होंने कहा कि 31 मई 2000 को दिल्ली में कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने जाट समाज को दिल्ली राज्य में ओबीसी के आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। लेकिन उसे आज तक लागू नहीं किया जा सका। अब दिल्ली में चुनाव के चलते केजरीवाल और मोदी सरकार जाटों के आरक्षण की बात करके समाज की भावनाओं से खेल रहे हैं, जो बेहद दुखद हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी अपनी घोषणाओं में केवल कांग्रेस की गारंटियों को ही कॉपी पेस्ट कर रहे। तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने केंद्रीय सूची में दिल्ली सहित देश के नौ राज्यों में जाट आरक्षण 4 मार्च 2014 को प्रदान कर उसकी अधिसूचना क्रमांक 20012/29/2009-बीसी जारी कर दी थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अलावा बिहार गुजरात हरियाणा हिमाचल प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जारी की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे 17 मार्च 2015 को अपने फैसले में ख़ारिज कर दिया था। क्योंकि मोदी सरकार और केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने उसकी पैरवी सुप्रीम कोर्ट में नहीं की और न ही दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उस वक्त मुखरता से उस वक्त आवाज उठाई।

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

संविधान के अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को फरीदाबाद जिला में सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में व शिक्षण संस्थानों में एक साथ हजारों लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में किया गया। सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बड़खल अमित मान व एसडीएम बल्लभगढ मयंक भारद्वाज सहित जिले के अन्य अधिकारीगण ने संयुक्त रूप से संविधान प्रस्तावना वाचन किया। जिला में सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, स्थानीय निकायों ग्राम पंचायतों, नगरपालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम में भी संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**वर्षभर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरुआत की घोषणा**

## संविधान के अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ



एसडीएम शिखा ने कहा कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरुआत की घोषणा की है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थाई विरासत को दर्शाता है। जो संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 से शुरू हो चुका है। जिलों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। और इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। केंद्र व प्रदेश सरकार संविधान की उद्देशिका के अनुरूप आमजन को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में अपना दायित्व निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्ती भूमिका निभाते हैं। जीवन को किस तरीके से समाज में यापन किया जाए वह सभी प्रकार के माध्यम संविधान में निहित हैं।

### अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जनता ने भी प्रस्तावना का किया पाठ

लघु सचिवालय परिसर में सभी कार्यालय में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया। साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किये गए सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया और संविधान पर केंद्रित सूचना, जनसंपर्क भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तैयार डॉक्युमेंट्री भी दिखाई गई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में भी संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया और डिस्प्ले बोर्ड पर संविधान प्रस्तावना वाचन को प्रदर्शित भी किया गया ताकि आमजन भी संविधान के महत्व को समझ सके। परिसर में लगी संविधान की प्रस्तावना का पाठन आमजन ने पूरी संजीदगी के साथ किया और हरियाणा सरकार द्वारा संविधान के अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना जारी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना आज 46वें दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर एक्टर, कोरियोग्राफर, डांस वल्ड रिकॉर्ड होल्डर अशोक डी स्टार एवं फिल्म प्रोड्यूसर प्रदीप गुप्ता व की टीम ने अपना समर्थन दिया। अब तक इस महाधरने को 171 धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन दे चुके है।

### वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट में छूट की मांग



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मांग की है कि एक फरवरी को पेश होने वाली बजट में वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट में मिलने वाली छूट को बहाल करने की घोषणा की जाए। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व सीनियर सिटीजन सेल के प्रभारी आईसी जैन ने वित्त मंत्री से कहा कि पहले इन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी लेकिन कोरोना महामारी के दौरान यह छूट बंद कर दी गई।

### गुमशुदा को ढूंढने की आयुक्त से की मांग



**फरीदाबाद।** अचानक गुमशुदा हो रहे लोगों को तलाशने की मांग को लेकर समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की । प्रतिनिधिमंडल में गोस्वामी के अलावा डबुआ कालोनी आरडब्ल्यूए के प्रधान अमृतलाल, अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला प्रभारी मयंक जुनेजा आदि शामिल थे।

### फरीदाबाद से गुरुग्राम जाने वाली सड़क बंद



**फरीदाबाद ।** ईएसआईसी मडिकल कॉलेज स्थित चिमनी बाई धर्मशाला चौक का रुका निर्माण कार्य शनिवार से शुरू किया जाएगा। यह कार्य लगभग एक माह तक चलेगा। शुक्रवार रात से चौक को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर लिया जाएगा। इसे लेकर पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। एनआईटी तीन स्थित तिकोना पार्क-चिमनीबाई धर्मशाला रोड करीब तीन किलोमीटर लंबी है।

### वैशाली व मोदीनगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सख्त रुख के बाद अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में वैशाली व मोदीनगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इससे पहले जीडीए उपाध्यक्ष ने निर्देश जारी किए है कि जनपद में कहीं भी अवैध कालोनी निर्मित नहीं होनी चाहिए। अवैध कालोनियों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों की बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो बदमाश घायल हो गए। गिरफ्तार बदमाशों में केतन जबकि दूसरा आफताफ दिल्ली के वेलकम इलाके का रहने वाला है। दोनों शातिर किस्म के लुटेरे हैं। उनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, 5300 रुपए व दिल्ली के शकरपुर इलाके से चोरी की गई बाइक बरामद की है।

---

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद में सिग्नल फ्री कॉरिडोर की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**शुक्रवार को विपुल गोयल ने केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। बैठक में फरीदाबाद और हरियाणा के सडक, राजमार्ग और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।**

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल अत्यंत सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए जुटे हुए हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा चुने जाने के बाद से ही वह बुनियादी कार्य एवं विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सकारात्मकता के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अभियान के तहत शुक्रवार को विपुल गोयल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके नई दिल्ली आवास पर मुलाकात की। बैठक में फरीदाबाद और हरियाणा के सड़क, राजमार्ग और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

**खास बातें**

- आश्रम से बदरपुर बॉर्डर तक सिग्नल फ्री कॉरिडोर का प्रस्ताव
- सड़कों का नवीनीकरण सौंदर्यीकरण करने का किया अनुरोध



### आधारभूत संरचना के लिए धन्यवाद दिया

विपुल गोयल ने फरीदाबाद की जनता की ओर से मांगें रखते हुए कुछ परियोजनाओं पर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया। उन्होंने नितिन गडकरी को फरीदाबाद क्षेत्र सहित देशभर में की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए धन्यवाद दिया और उनकी उपलब्धियों के प्रति प्रशंसा व्यक्त की। बैठक में उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष फरीदाबाद के लिए आश्रम से बदरपुर बॉर्डर तक सिग्नल फ्री कॉरिडोर का प्रस्ताव रखा जिसका सीधा लाभ क्षेत्र की साधारण जनता एवं उद्योग जगत को प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने फरीदाबाद सेक्टर 37 बाईपास से कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे तक एक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित करने का भी प्रस्ताव क्षेत्र की जनता की ओर से रखा। इसके साथ ही विपुल गोयल ने नेशनल हाईवे 2 को मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली डिवाइडिंग सड़कों का नवीनीकरण और सौंदर्यकरण करने का भी अनुरोध किया।

**परियोजनाओं पर जल्द होगा काम शुरू**

*बैठक के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इन परियोजनाओं पर जल्द से जल्द काम शुरू होगा, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा बदलाव आएगा। नितिन गडकरी ने बैठक में पेश किए गए प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।*

---

बल्लभगढ़ के 5 मंडल अध्यक्षों का चुनाव

# कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली पार्टी है भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ विधानसभा में भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें बल्लभगढ़ विधानसभा में पांच मंडल अध्यक्षों का चुनाव फरीदाबाद भाजपा चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में सेक्टर 2 विधायक पं. मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर संपन्न हुआ।

मौके पर हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक पं. मूलचंद शर्मा और फरीदाबाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने चुने गए सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई दी और उन्हें संगठन के लिए बेहतर कार्य करने के लिए भी पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया।

इस बार मंडल अध्यक्षों की संख्या 5 की गई है जिसमें संजय जांगड़ा को बल्लभगढ़ मंडल अध्यक्ष चुना गया, वहीं पवन सैनी को ऊंचा गांव का अध्यक्ष, गौरव विरमानी को चावला कॉलोनी अध्यक्ष,विपिन त्यागी को आदर्श नगर का अध्यक्ष और कुलदीप सिंह मथारू को मुजेसर मंडल अध्यक्ष चुना गया है।

### भाजपा में कार्यकर्ता बनना गौरव की बात

पूर्व केबिनेट मंत्री विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा देश दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है इसके लिए कार्य करना बड़े ही गौरव की बात है। यही ऐसी पार्टी है जो अंतोदय की भावना से काम करती है और सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को आगे बढने का मौका देती है।

---

# ईडी ने बिल्डर की 68 करोड़ की संपत्ति जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत वाटिका लिमिटेड की 68.59 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। इन नौ संपत्तियों में कृषि योग्य 27.36 एकड़ जमीन शामिल है। इस बिल्डर के खिलाफ दर्ज मुकदमे के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने जांच शुरू की है।

तीन साल पहले वर्ष 2021 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा ने वाटिका लिमिटेड और इसके प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अनिल भल्ला, गौतम भल्ला आदि के खिलाफ निवेशकों से करोड़ों की रकम ठगने का मामला दर्ज किया था। बिल्डर ने निवेशकों को सुनिश्चित वापसी (एश्योर्ड रिटर्न) का भरोसा दिया था। इसके साथ परियोजना के पूरा होने के बाद लीज पर चढ़ाकर उच्च मूल्य किराया दिलाने का आश्वासन दिया था। करोड़ों रुपए लेने के बाद पहले तो सुनिश्चित राशि वापस करना बंद कर दिया। इसके बाद शोरूम, दुकान और कार्यालय का कब्जा नहीं सौंपा गया। जांच के दौरान पता चला कि बिल्डर ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की है। इसके अलावा इस बिल्डर पर यह भी आरोप है कि इसने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से जारी लाइसेंस की समयावधि को नहीं बढ़ाया है। लाइसेंस की समयावधि समाप्त हो चुकी है।

---

भूमि पूलिंग नीति से जुड़ी एक धोखाधड़ी

# आरपार की लड़ाई लड़ेगा ईओडब्ल्यूएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भूमि पूलिंग नीति से जुड़ी हुई धोखाधड़ी में ईओडब्ल्यूएस (एमिनेंट ऑफिसर्स वेलफेयर सोसाइटी) के पीड़ित सदस्य अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। मंत्रालय इस मामले में तुरंत कोई प्रशासनिक फैसले या अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो ये सदस्य प्रधानमंत्री दफ्तर और कैबिनेट सचिवालय पर प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

एमिनेंट ऑफिसर्स वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सचिव एस के मंडल ने कहा कि 120 से अधिक सरकारी अधिकारी भूमि पूलिंग नीति से जुड़ी एक धोखाधड़ी योजना का शिकार हो गए हैं। उनकी मेहनत की कमाई की 20 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की धोखाधड़ी कुछ वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की मिलीभगत से भूमि डेवलेपर्स ने किया है। धोखाधड़ी के शिकार हुए अधिकारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों से हैं। एस के मंडल ने कहा कि सभी आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप एक जैसे थे। लेकिन केवल सलाहकार/ डेवलपर को अगस्त 2020 में गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया, जो जून 2024 तक जेल में रहा। गौरतलब है कि मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट, द्वारका ने 14 अगस्त 2024 के अपने आदेश में कहा कि प्रतिष्ठित अधिकारी कल्याण सोसायटी के पास आवासीय सोसायटी के विकास के लिए धन एकत्र करने का अधिकार नहीं था, क्योंकि उन्होंने डीडीए/रेरा से आवश्यक लाइसेंस या अनुमोदन प्राप्त नहीं किया था। इसके अलावा, न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरोपी व्यक्तियों के बीच आपराधिक साजिश की उपस्थिति शुरू से ही प्रचलित थी।

---

पुलिस का खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान जारी

# ग्रामीण व ट्रांस हिंडन क्षेत्र के 276 शराबियों को पहुंचाया गया हवालात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में खुले आसमान के नीचे सार्वजनिक स्थानों पर चल रही ओपन बारो के खिलाफ पुलिस ने गुरुवार को भी देर शाम दो घंटे तक विशेष अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र तथा ट्रांस हिंडन क्षेत्र में चले इस अभियान में कुल 276 शराबी पकड़े गए। जो खुले में शराब पी रहे थे। कोई गाड़ी के बोनट पर रखकर,कोई छत परकोई गाड़ी के अंदर तो कोई शराब के ठेके के आसपास कोने में सूनसान तो कोई सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर बेख़ौफ़ होकर शराब पी रहा था। पिछले कई दिनों से पुलिस द्वारा चलाये जा इस विशेष अभियान में अभी तक डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम सड़क पर शराब पी रहे थे आरोपी

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने निर्देश दिए थे कि शाम को कानून व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए शराब के ठेको के आसपास विशेष अभियान चलाया जाए। इसी क्रम में नगर जोन पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तक शराब ठेकों के आसपास व सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग का एक सघन अभियान चलाया गया।जिसमें ऐसे 276 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग सार्वजनिक रूप से खुलेआम सड़क पर शराब पी रहे थे। जिससे वहां आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया व उनका मेडिकल कराते हुए 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया।

---

# एनजीओ की ओर से स्कूटी दिलाने के नाम पर दिव्यांगों से 50 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




शहर थाना एरिया में जालसाज युवक ने एनजीओ की ओर से स्कूटी दिलाने के नाम पर दिव्यांगों से 50 हजार रुपए ठग लिए। आरोपी ने पीड़ितों को स्कूटी के शोरुम भी बुला लिया था और उनसे आरसी व इंश्योरेंस के नाम पर रुपए लेकर फरार हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में दिव्यांग बबलू कुमार ने कहा कि वह मोलाहेड़ा में रहता है। वह सुखराली स्थित एक पीयूसी सेंटर में जॉब करता है। तीन दिन पहले उसके सेंटर पर एक युवक आया, जिसने अपना नाम अरविंद उर्फ सूरज बताया।

### रुपए मिलने के बाद फरार

इसके बाद अरविंद किसी काम से शोरुम से बाहर निकल गया। काफी देर तक जब वह नहीं आया तो उसे फोन किया गया, लेकिन उसका स्विच ऑफ आ रहा था। इसके बाद सभी वहां पहुंचे जहां अरविंद जाकर बैठा था। उसके सामने मेज पर एक थैली रखी थी। जिसमें पांच सौ के कूपन वाले नोट की गड्डी रखी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

### आरसी व इंश्योरेंस के नाम पर रुपए मांगे

अरविंद ने कहा कि वह एक एनजीओ से और जो दिव्यांगों को स्कूटी भेट कर रही है। इसके लिए आरसी व इंश्योरेंस के लिए रुपए देने होंगे। इसके बाद सांय को अरविंद ने उसे फोन किया और उससे दिव्यांग का सर्टीफिकेट व चलने की वीडियो बनाकर वाटसअप पर भेजने को कहा। इसके बाद 16 जनवरी को बबलू को न्यू रेलवे रोड स्थित सुजुकी शोरुम में स्कूटी के लिए बुलाया गया। बबलू वहां पहुंचा तो उसकी तरह अन्य चार लोग और भी स्कूटी लेने आए हुए थे। जहां सभी के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन किया गया। इसके बाद अरविंद ने बबलू से आरसी व इंश्योरेंस के नाम पर 16 हजार रुपए, राजीव नगर में रहने वाले राजेश प्रसाद से 12 हजार, दिल्ली के महावीर इंकलेव में रहने वाले मिथलेश राम से 7,500, सेक्टर, 12 राजेश व दिल्ली के द्वारका निवासी जफरूल इस्लाम से 14,500 हजार रुपए ले लिए।

---

सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष ने प्रशासन के साथ की समीक्षा बैठक

# सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान उपलब्ध कराए जाएं आवश्यक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने में अपना दायित्व निभा रही है। ऐसे में विभागीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों को हर संभव मदद देते हुए मानवीय आधार पर उन्हें सेवाएं दें और सम्मान स्वरूप उनके साथ व्यवहार किया जाए। इंजी कृष्ण कुमार शुक्रवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कन्वेंशन हॉल में निगम और पंचायत विभाग के कर्मचारियों से रूबरू होने उपरांत अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।



### सामाजिक-आर्थिक जीवन में सुधार लाएं

इंजी. कृष्ण कुमार ने बैठक में सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन में सुधार करने तथा सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों व ग्रामीण कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए उसके समाधान करने का आश्वासन उनकी ओर से दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराएं।

### समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार प्रयत्नशील

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। उन्हें वो सब सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है जो उनसे व उनके कार्य से ताल्लुक रखती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सफाई कर्मचारियों के साथ कोई दुर्घटना न घटे इसको लेकर सरकार कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रही है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों को ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कर्मचारियों का डाटा भी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को ईपीएफ -ईएसआई कटता या नहीं इसकी भी जानकारी ली। अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों से अपने संबोधन में आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे व उन्होंने इस तरह से शिक्षित करें कि वे अपना जीवन सम्मान के साथ जी सकें।

## खबर संक्षेप

### अधिशासी अभियंता समेत 12 की रोक दी सैलेरी



**लखीमपुर खीरी।** जिले में सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं में फिसड्डी रहने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम ने जिले के 12 अफसरों का जनवरी महीने की सैलेरी रोक दी है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनवरी महीने में रैंकिंग में सुधार करें नहीं तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई की जद में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, जलनिगम के अधिशासी अभियंता भी आए हैं।

### बसपा ने दिल्ली चुनाव में उतार दिए 69 कैंडिडेट



**लखनऊ।** बसपा ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 में से 69 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने जारी सूची में गोपाल राय की बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र से कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। बसपा ने महत्वपूर्ण नई दिल्ली सीट से वीरेंद्र, कालकाजी से पीतम, जंगपुरा से रविंद्र कुमार व करोल बाग (सुरक्षित) सीट से रणजीत कुमार गंगवाल को मैदान में उतारा है।

### प्रशांत किशोर के मुद्दों से चिराग पासवान सहमत



**पटना।** लोजपा- रामविलास के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा लेने की मांग की है। बिहार में एनडीए की सरकार है। चिराग की पार्टी भी एनडीए का हिस्सा है। चिराग ने कहा कि प्रशांत किशोर के तरीके और बयान को छोड़ दें तो उनके उठाए मुद्दों से उनकी सहमति है। चिराग ने कहा कि परीक्षार्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

## मैथिली ने भी जमाया रंग

# शंकर महादेवन के 'चलो कुंभ चलें' गीत पर झूम उठे संगीत प्रेमी

महाकुंभ में संगीत और संस्कृति प्रेमियों को फिल्मों के सुविख्यात गायक शंकर महादेवन के सुमधुर गीतों ने आनंदित किया। उन्होंने गणेश वंदना से शुरुआत कर भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया और समापन शिव तांडव स्त्रोत से किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शंकर महादेवन ने चलो कुंभ चलें गीत गाकर देश दुनिया को महाकुंभ की महिमा बताई।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में संगीत और संस्कृति प्रेमियों को जब फिल्मों के सुविख्यात गायक मिल जाएं तो खिल उठते हैं मनोभाव। अवसर महाकुंभ जैसे आयोजन का हो तो बात कुछ खास हो जाती है। संस्कृति विभाग के गंगा पंडाल में गुरुवार को हिंदी सिनेमा के पार्श्व गायक और संगीतकार शंकर महादेवन के सुमधुर गीतों ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। गणेश वंदना से शुरुआत कर उन्होंने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया और समापन शिव तांडव स्त्रोत से किया। महाकुंभ की आभा देश दुनिया में फैलने की चर्चा करते हुए शंकर महादेवन ने इसे अद्भुत बताया। अपने जीवन का इसे अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धर्म के प्रति सकारात्मक सोच से यह संभव हो पाया है।

**खास बातें**

- संस्कृति विभाग के गंगा पंडाल में पार्श्व गायक शंकर महादेवन ने गाई महाकुंभ की महिमा
- महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए मोदी, योगी के प्रयास की प्रशंसा की
- बिहार की मैथिली ठाकुर ने भी सुरों की गंगा बहाई



### डिप्टी सीएम मौर्य ने महादेवन की देश के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने शंकर महादेवन के गीतों और देश के प्रति उनके समर्पण भाव की प्रशंसा की। साथ ही प्रदेश सरकार के द्वारा मेले को दिव्य भव्य बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। इसके बाद शंकर महादेवन ने अपने गीतों से पंडाल में सुर सरिता बहाई। कार्यक्रम ₹संस्कृति का संगम₹ में शंकर महादेवन ने ""चलो कुंभ चलें"" गीत गाकर देश दुनिया को महाकुंभ की महिमा बताई और इसमें शामिल होकर पुण्यलाभ पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महापौर गणेश केसरवानी, विधायक पूजा पाल समेत अन्य अतिथि शामिल हुए।

### "राम जी से पूछे जनकपुर के नारी बता द बबुआ"

"सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं"...."राम जी से पूछे जनकपुर के नारी बता द बबुआ"। सुविख्यात लोक गायिका मैथिली ठाकुर के इन गीतों ने गुरुवार को एनसीजेडसीसी "उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र" के कला ग्राम में सुरों की गंगा बहाई।

### महाकुंभ का हिस्सा बनने पर बताया भाग्यशाली

शंकर महादेवन ने स्वयं को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा से उन्हें यह अवसर मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

## योगी सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# प्रधानमंत्री अवार्ड से उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा सम्मान

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में बाजी मारी है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार (पीएम अवार्ड) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

### जल संरक्षण व सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत



योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग कर न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो रही है। यह पहल जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया- मिशन के तहत सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 33,229 योजनाओं का संचालन होने से प्रदेश को योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपए की बचत होगी।

### ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है।

## बड़ा भाई कौन? अंदर चल रही बात

# मांझी मांग रहे 20 लेकिन एनडीए में किसे कितनी सीट

एजेंसी ▶▶ पटना।



बिहार की राजनीति में खरमास खत्म होते ही बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की महक बढ़ने लगी है। करीब नौ महीने बाद निर्धारित विधानसभा चुनाव को लेकर अब एनडीए के घटक दल सीट बंटवारे पर खुलकर बात करने लगे हैं। पशुपति पारस का दल रालोजपा लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए से बाहर हो गया है। अब बिहार एनडीए में भाजपा, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा-आर), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल है। 243 सीट का बंटवारा इन पांच दलों के भीतर होना है अगर चुनाव तक कोई और नेता अपनी पार्टी के साथ इस तरफ ना आ जाए।

### 'हम' के कार्यकर्ता 40 सीट पर कर रहे तैयारी

खुलकर बोलने के लिए चर्चित 'हम' नेता और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने 20 सीटों की मांग कर दी है और कहा कि उनके कार्यकर्ता तो तैयारी 40 सीट पर कर रहे हैं। जब मीडिया ने पूछा कि नहीं मिली 20 सीट तो क्या करेंगे, तो मांझी बोले कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जो प्यार और प्रतिष्ठा देते हैं, वो कहां मिलेगा। मांझी के इशारों को समझें तो सीटों को लेकर तगड़ा घमासान होने वाला है लेकिन एनडीए में रहकर। मांझी ने गांधी मैदान में 2 लाख लोगों को जुटाने का भी ऐलान किया है। एनडीए दलों के सूत्रों के मुताबिक बड़े नेताओं की मेल-मुलाकात में कौन कितनी सीटें लड़ सकता है, इसके संभावित स्वरूप पर विमर्श चल रहा है। लोकसभा चुनाव में बेहतर स्ट्राइक रेट और नीतीश के चेहरे के दम पर जेडीयू बड़ा भाई का दर्जा वापस लेना चाहती है। लोकसभा चुनाव में जेडीयू 16 जबकि भाजपा17 सीट लड़ी थी। 5 सीट लोजपा और 1-1 सीट हम और रालोमो को मिली थी।

## पेज एक का शेष

### रूस की सेना में यूक्रेन के...

जायसवाल ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवालों के जवाब में दी। बताते चलें कि भारत का यह बयान बीते दिनों युद्धक्षेत्र में हुई केरल के एक भारतीय नागरिक बिनिल बाबू की मौत और एक अन्य जैन टी.बी के घायल होने के बाद रूसी सेना में बाकी बचे हुए सभी भारतीयों की जल्द रिहाई के साथ स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए की गई ताजा अपील के बाद सामने आया है।

**नागरिकता को लेकर जानकारी नहीं:** मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि रूस में भारतीयों द्वारा नागरिकता के मामले पर हमें कोई जानकारी नहीं है। यह वो लोग हो सकते हैं जो वहां गए होंगे और फिर उन्होंने इस संबंध में कोई निर्णय लिया होगा। जिसकी फिलहाल हमें कोई जानकारी नहीं है।

### जल्द भारत आएगी बिनिल...

चल रहा है। हमारा दूतावास उनका कुशलक्षेम जानने के लिए संपर्क में है। हमें उम्मीद है कि उपचार पूरा होने के बाद घायल भारतीय नागरिक भी जल्द भारत लौटेंगे।

### मुद्दे पर मोदी-पुतिन...

6 दिसंबर 2024 को संसद में बताया था कि रूस में अब तक 10 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसमें उत्तर प्रदेश और गुजरात से क्रमशः दो-दो और हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, ओडिशा, केरल और तेलंगाना से एक-एक व्यक्ति शामिल है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर भारतीयों के जानबूझकर मास्को की सेना में शामिल होने के लिए अनुबंध करने के रूस के दावे को पहले ही सिरे से खारिज कर चुके हैं। इसके जवाब में रूस मामले में क्रेमलिन के नेतृत्व वाली सरकार की किसी भी तरह की भूमिका को नकार चुका है। उसका कहना है कि रूस बीते वर्ष के मध्य से ही अपने सशस्त्र बलों में किसी विदेशी नागरिक की भर्ती पर रोक लगा चुका है।

### डी. गुकेश, मनु...

सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार पिछले चार वर्षों में खेल के क्षेत्र में किसी खिलाड़ी द्वारा किए गए शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में समग्र रूप से शीर्ष प्रदर्शन करने के लिए चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी प्रदान की गई।

**5 को मिला द्रोणाचार्य पुरस्कार:** बेहतर कोचिंग देने के लिए 5 लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें सुभाष राणा को पैरा निशानेबाजी (नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे निशानेबाजी (नियमित वर्ग), संदीप सांगवान हॉकी (नियमित वर्ग), बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन बैडमिंटन (लाइफटाइम वर्ग) और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) में शामिल हैं।

**पीईएफआई को मिला राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** : वहीं, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2024 फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीईएफआई) को प्रदान किया गया है। पीईएफआई के 24 राज्यों में 80 हजार सक्रिय सदस्य हैं। उसने 100 संस्थाओं के साथ सहभागिता की हुई है। तेनजिंग नॉर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड 2023 चार लोगों उदय कुमार, सयानी दास, जिथिन विजयन और उमेश मल्लिकार्जुन जिर्पे को दिया गया है।

**34 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार :** एथलीट ज्योति यरराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, पैरा तीरंदाज राकेश कुमार सहित 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### जितनी भारत मे...

भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।

**शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर मोबिलिटी ग्रोथ बढ़ाएंगे:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को ड्राइव करने वाले कई फैक्टर्स हैं, जैसे भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी, मिडिल क्लास का लगातार बढ़ता दायरा, तेजी से होता शहरीकरण, भारत में बन रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 'मेक इन इंडिया' से अफॉर्डेबल व्हीकल, ये सारे फैक्टर्स भारत में ऑटो सेक्टर के ग्रोथ को पुश करने वाले हैं।

**भारत में ईवी की बिक्री में 640 गुना की बढ़ोतरी :** पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ सालों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर भारत में बहुत तेज ग्रोथ देखी जा रही है। बीते दशक में भारत में ईवी की बिक्री में 640 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां एक साल में सिर्फ 2,600 के आस-पास ईवी बिके थे, वर्ष 2024 में 16,80,000 से ज्यादा ईवी बिके हैं यानी दस साल पहले जितने इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरे साल में बिकते थे और उससे भी दोगुने ईवी एक दिन में बिक रहे हैं। अनुमान है कि इस दशक के अंत तक भारत में ईवी की संख्या आठ गुना तक बढ़ सकती है। ये दिखाता है कि इस सेगमेंट में आपके लिए कितनी ज्यादा संभावनाएं बढ़ रही हैं

### पीएम मोदी ने दिया...

जो इकोनॉमी और इकोलॉजी दोनों को सपोर्ट करे। एक ऐसा सिस्टम हो जो फॉसिल फ्यूल के हमारे इंपोर्ट बिल को कम करे। आज ग्रीन टेक्नोलॉजी, ईवी, हाइड्रोजन फ्यूल, बायो फ्यूल टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट पर हमारा काफी फोकस है। 'नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन' और 'ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' जैसे अभियान इसी विजन के साथ शुरू किए गए हैं। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है।

### भारत की आक्रमण और रक्षात्मक...

सुरक्षा समुद्री सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जिसकी अनदेखी घातक हो सकती है। सशस्त्र बलों में साइबर सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

**राष्ट्र सेवा में हर नागरिक बिना वर्दी का सैनिक:** राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना बड़े सामर्थ्य और व्यापक संरचना के साथ आगे बढ़ रही है। इसमें बिना वर्दी के सैनिक अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह सैनिकों के शक्ति संचालन में बिना दिखे काम करते हैं। सैनिक देशभक्ति, वीरता और अनुशासन के खतरों व चुनौतियों से देश की रक्षा करते हैं। नागरिक कार्यबल को भी सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को अत्यधिक सुरक्षित बनाने के लिए इन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। राष्ट्र सेवा के व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक वर्दी के बिना एक सैनिक है और प्रत्येक सैनिक वर्दी में एक नागरिक है।

**नागरिक कर्मचारियों को देते प्राथमिकता:** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम उस भावना के साथ काम कर रहे हैं। जिसमें हमने राष्ट्र सेवा में लगे हर नागरिक के योगदान को मनाने की प्रतिबद्धता जताई है। नौसेना में विशेष रूप से सरकार ने वर्दीधारी सैनिकों और नौसेना के नागरिक कर्मचारियों को समान प्राथमिकता दी है। बल के नागरिक कार्यबल को नवीनतम तकनीकी प्रगति से युक्त बनने और 2047 तक पीएम के विकसित भारत की भविष्य दृष्टि साकार करने के लिए कौशल उन्नयन के लिए प्रेरित किया। इन संयुक्त प्रयासों से भविष्य की चुनौतियों से निपटने और एक विकसित राष्ट्र बनने में देश सक्षम होगा।

### दिल्ली में भाजपा महिलाओं...

सुशासन, विकास, महिला सम्मान, युवाओं, किसानों और मजदूर वर्ग को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य पर काम किया। जिसके बाद आज नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। नड्डा ने कहा कि दिल्ली मेंभाजपा की सरकार बनने पर हम जनकल्याणकारी योजनाओं में से आम आदमी पार्टी द्वारा पोषित भ्रष्टाचार को हटा कर और अधिक कारगर तरीके से लागू करेंगे। जैसे दिल्ली में महिलाओं के लिए बस सेवाओं को मुफ़्त तो कर दिया गया, मगर बसों कि संख्या में कोई इजाफा नहीं किया गया। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद सभी जारी योजनाओं का सुदृढ़ीकरण करके, उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा। आप'दा पार्टी के लिए दिल्ली की जनकल्याणकारी नीतियां भ्रष्टाचार और कमीशन का मिशन है। भाजपा इन नीतियों को भ्रष्टाचार से मुक्त और लोगों के कल्याण से युक्त बनाएगी। भाजपा के संकल्प पत्र में समुचित परिश्रम किया गया है, जिसमें महिलाओं, युवाओं, मध्यम वर्ग और पेशेवर वर्ग, व्यापारियों, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और असंगठित क्षेत्र के मजदूर वर्ग को मुख्यधारा में लाने पर चर्चा की गई है।

नड्डा ने कहा कि हमने अपने संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए लगभग 1 लाख 80 हजार फीडबैक लिए, 62 वर्गों के साथ चर्चाएं की, 12 हजार छोटी-बड़ी सभाओं में चर्चा इस पर चर्चा की तथा एलईडी वैन के माध्यम से दिल्ली के कोने-कोने तक जाकर भाजपा सांसदों, विधायकों और पार्षदों ने लोगों से चर्चा की है। आज भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का पहला भाग पेश किया जा रहा है, दूसरा और तीसरा भाग भी जल्द ही पेश किया जाएगा।

### गरीब कल्याण...

दिया जाएगा। आपदा सरकार ने सभी स्कीमों को रोक दिया, पेंशन भी रोक दी, 80 हजार से अधिक बुजुर्ग इस दुनिया से चले गए, उनकी जगह को भी नहीं भरा गया। सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू किया गया था, 8वां वेतन आयोग 2026 में लागू किया जाएगा। इससे हमारे कामकाजी वर्ग के लोगों को अधिक शक्ति और लाभ मिलेगा।

### शाह ने मध्य प्रदेश में...

किया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि कितने जीरो एफआइआर नियमित एफआइआर में बदले गए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि सीसीटीएनएस के जरिए दो राज्यों के बीच एफआइआर ट्रांसफर किया जा सके। उन्होंने हर जिले में एक से अधिक फॉरेंसिक साइंस मोबाइल वैन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अस्पतालों और जेलों में पर्याप्त संख्या में क्यूबिकल बनाने पर भी जोर दिया ताकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज कराने में मदद मिल सके। अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में आरोपित ऐसे भगोड़ों के खिलाफ ट्रायल इन एबसेंटिया की शुरुआत करनी चाहिए जो लंबे समय से देश से फरार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में ट्रायल इन एबसेंटिया का प्रावधान किया गया है जिसके तहत भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने राज्य सरकार से यह भी कहा कि वह आइसीजेएस के फंड को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही खर्च करे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पुलिस को पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर प्रदान करनी चाहिए, साथ ही जब्ती सूची और अदालतों में भेजे जाने वाले मामलों की जानकारी भी डैशबोर्ड पर रखनी चाहिए। उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक को इन मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग का भी निर्देश दिया।

अमित शाह ने फॉरेंसिक विज्ञान के जानकार अधिकारियों की भर्ती पर जोर देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार को इसके लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी से समझौता एमओयू करना चाहिए। साथ ही, फिजिक्स और केमिस्ट्री बैकग्राउंड के विद्यार्थियों को अवसर प्रदान कर फोरेंसिक से संबंधित डिप्लोमा कोर्स कराकर भर्ती करना चाहिए। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान पर केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि इसके उचित क्रियान्वयन के लिए राज्य के गृह एवं स्वास्थ्य विभाग को बैठक कर अस्पतालों से पोस्टमार्टम और अन्य मेडिकल रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ई-समन के मामले में अग्रणी है, इसलिए राज्य सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि दूसरे राज्यों के अधिकारी मध्य प्रदेश का दौरा करके ई-समन के सफल क्रियान्वयन के बारे में समझ सकें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने गरीबों को न्याय दिलाने के लिए विधिक सहायता की व्यवस्था और इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों का केस सही तरीके से लड़ना सरकार की जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को महीने में एक बार, मुख्य सचिव को हर 15 दिन और पुलिस महानिदेशक को सप्ताह में एक बार सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए।

## रांची में दर्दनाक हादसा

# तिरू फॉल में एक साथ डूबे 3 दोस्त, तीनों की मौत



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के रांची से दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के बुढ़मू प्रखंड के तिरू फॉल में नहाने गए तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में से दो सगे भाई थे। दोनों सगे भाई रांची के रहने वाले थे। इनमें से एक गुरुग्राम में नौकरी करता था, जबकि दूसरा भाई रांची में आईएचएम में पोस्टेड था। तीसरा मृतक युवक चान्हों करकट का रहने वाला था। दो भाइयों के साथ तीन लोगों की मौत की खबर से परिवार के साथ ही पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

तीनों मृतकों की पहचान कर ली गई है। दोनों मृतक सगे भाइयों का नाम आशीष और अंकुर था। दोनों रांची के हेहल के रहने वाले थे। उनके पिता का नाम पद्मलोचन दास है। तीसरे युवक का नाम दीपक है जो चान्हों करकट गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को दोपहर में तीनों नहाने के लिए तिरू फॉल में उतरे थे। इस दौरान डूबने से तीनों की मौत हो गई। तीनों मृतकों की उम्र 20-25 साल है। मिली जानकारी के अनुसार, आशीश और अंकुर ने कार खरीदी थी। नई कार का जश्न मनाने के लिए दोनों भाई अपने तीसरे दोस्त दीपक को लेकर तिरू फॉल पहुंचे थे।

## सरकार ने बदले नियम

# अब सालाना 9 लाख तक कमाने वालों को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ

एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना 2.0 की शुरुआत कर दी है। पिछली बार के मुकाबले इस बार नियमों में बदलाव किया गया है। केंद्र से मिली गाइडलाइन के अनुसार अब सालाना 9 लाख रुपए तक कमाने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

नगर विकास विभाग ने धनबाद नगर निगम को इस संबंध में गाइडलाइन जारी करते हुए ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने चार साल बाद इस योजना को फिर से शुरू किया है। केंद्र के निर्देश के बाद झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस योजना के लिए लाभुकों से ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन लेने का निर्देश दिया है। ऑनलाइन आवेदन के बाद प्राप्त एकनॉलेजमेंट रसीद के साथ सभी दस्तावेज नगर निगम कार्यालय में जमा करने हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मैसर्स एम सी बंसल स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईएनः U65100DL1990PTC042469, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एनबीएफसी हैं और हमारे पास सीओआर नंबर बी–14.01251 है, हमने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मूल सीओआर खो दिया है। अगर यह किसी को मिल जाए, तो इसे कंपनी को वापस कर देना चाहिए। बेईमान तत्वों द्वारा उक्त प्रमाणपत्र के किसी भी तरह के दुरुपयोग के लिए जनता को चेतावनी दी जाती है।
पंजीकृत कार्यालय 115, टेक्सटाइल मार्केट, जोगी वाड़ा, नई सड़क, दिल्ली–110006




# प्रयागराज के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने जारी किया बड़ा आदेश और चेतावनी भी

# महाकुंभ में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 28 फरवरी तक निषेधाज्ञा रहेगी लागू, व्यवधान किया तो होगी कड़ी कार्रवाई

आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहार जैसे महाकुंभ 2025/अमृत स्नान, जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा, वेलेंटाइन डे, शब- ई-बारात, महाशिवरात्रि, अन्य त्योहार और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। एसीपी ने कहा कि जिले में उक्त त्यौहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने की नितांत आवश्यकता है



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार को 28 फरवरी तक पूरे जिले में निषेधाज्ञा आदेश पारित किया गया है। घोषणा में कहा गया है कि आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहार जैसे महाकुंभ 2025/अमृत स्नान, जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा, वेलेंटाइन डे, शब- ई-बारात, महाशिवरात्रि, अन्य त्योहार और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। एसीपी ने कहा कि जिले में उक्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाने की नितांत आवश्यकता है। विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहारों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को सुरक्षित संपन्न कराने असामाजिक तत्वों के सभी प्रयासों को रोकना आवश्यक है। स्थिति की नजाकत को देखते हुए दूसरे पक्ष/पक्षों को सुने अथवा नोटिस दिए बिना पारित एकतरफा आदेश के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत किया गया है।

### आदेश की विशिष्टताएं

1. कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का आयोजन, जुलूस, शोभायात्रा, अनशन, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं करेगा।
2. कोई भी व्यक्ति/संगठन/व्यक्तियों का समूह धरना स्थल (पत्थर चर्च के पास) के अलावा कहीं भी धरना-प्रदर्शन नहीं करेगा।
3. सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कहीं भी ड्रोन का प्रयोग नहीं करेगा। केवल पुलिस एवं प्रशासनिक कार्यों में प्रयुक्त ड्रोन ही इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।
4. कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा (विकलांग/बुजुर्ग तथा सिख समुदाय के कृपाण धारण करने वालों को छोड़कर), कुल्हाड़ी, डंडा एवं किसी भी प्रकार का घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। केवल पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मचारी एवं अधिकारी ही इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे।
5. कोई भी व्यक्ति, किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कोई भड़काऊ भाषण नहीं देगा




### शांति व्यवस्था बनाना हमारी प्राथमिकता

एसीपी ने कहा कि विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मुझे विश्वास है कि असामाजिक तत्वों द्वारा कानून में व्यवधान पैदा करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिले की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए एवं जिले में उक्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनए रखने की नितांत आवश्यकता है।



## महाकुंभ में नागा संन्यासियों ने किया हंगामा, फाड़े बैनर पोस्टर

महाकुंभ मेले के दौरान एक बड़ा विवाद सामने आया है, जब कुछ युवाओं ने महाकुंभ को अंधविश्वास बताने वाले पोस्टर और बैनर लगाकर स्टॉल लगाया। इससे नाराज होकर नागा संन्यासियों ने मौके पर पहुंचकर स्टॉल में तोड़फोड़ की और पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### भड़के साधु, टिकैत भी परेशान

नागा संन्यासियों ने स्टॉल में तोड़फोड़ की। उन्होंने सनातन विरोधी साहित्य और पोस्टरों को भी आग के हवाले कर दिया। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस प्रकार के तत्वों को यहां से निकाल देना चाहिए।

### सीएम सैनी का ऐलान

## हरियाणा के गरीब बुजुर्गों को अपने खर्चे पर महाकुंभ भेजेगी सरकार



हरियाणा सरकार ने महाकुंभ को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार ने राज्य के गरीब परिवारों के बुजुर्गों को महाकुंभ के दर्शन कराने का फैसला किया है। उन्हें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत प्रयागराज ले जाया जाएगा यानी सरकारी खर्च पर वे महाकुंभ में स्नान कर पाएंगे।

### रवि किशन ने लगाई डुबकी

## सब देखें सनातन संस्कृति का महाकुंभ



महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब देखते ही बन रहा है। मां गंगा के तट पर सनातन धर्मियों का जमावड़ा है। शुक्रवार को गोरखपुर के सांसद, भाजपा नेता व बॉलीवुड एक्टर रवि किशन ने प्रयागराज के त्रिवेणी घाट पर स्नान किया। उन्होंने साधु संतों आशीर्वाद भी लिया। रवि किशन ने महाकुंभ की तैयारी की जमकर तारीफ की। रवि किशन ने कहा कि अखिलेश यादव को भी यहां आकर आस्था की डुबकी लगानी चाहिए। उन्हें सनातन संस्कृति के बारे में और अच्छा ज्ञान मिलेगा।

### अभय सिंह ने खोले राज

## आईआईटी बाबा ने श्मशान में खाईं हड्डियां



आईआईटी बाबा अभय सिंह महाकुंभ 2025 में काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं। अब बाबा ने बताया कि उन्होंने अघोर साधना की है। साथ ही, उनके साथ भविष्य में क्या-क्या होगा, इसके बारे में भी बताया था। अघोरी ने आईआईटी बाबा को हड्डी भी खिलाई थी।

## 6 दिन में 7 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। 11 जनवरी से 16 जनवरी के बीच 7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। गुरुवार को 30 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान लाभ लिया।

### खबर संक्षेप

#### आग से बचने तीसरी मंजिल से कूद गया



**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में आधी रात फ्लैट में आग लगने पर बचने के लिए प्रापर्टी डीलर ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरकर चोट लगने पर उसकी मौत हो गई। पत्नी-बेटा बाल बाल बच गए। पालतू डॉग की भी मौत हो गई। अग्निकांड की सूचना पर दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

#### आरजी कर अस्पताल मामले में फैसला आज



**कोलकाता।** यहां के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में बहुप्रतीक्षित फैसला शनिवार को सुनाया जाएगा। सियालदह कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बन दास की अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली थी। शनिवार को फैसला सुनाएंगे।

#### 1.5 एकड़ में बनेगा मनमोहन का स्मारक



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में दिल्ली में एक स्मारक बनेगा। सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति परिसर में 1.5 एकड़ जमीन इसके लिए रखी है। यह जगह पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि के पास है। सिंह के परिवार को यह सूचना दे दी गई है। सरकार ने परिवार से ट्रस्ट बनाने का अनुरोध किया है।

#### आंध्र में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत



**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर के पास एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 22 अन्य घायल हो गए। ये दर्दनाक सड़क हादसा चित्तूर-ताचूरू हाइवे पर तब हुआ, जब एक प्राइवेट ट्रैवल्स की बस तिरुपति से तिरुचिरापल्ली जा रही थी। बस ने खड़े हुए ट्रक से बचने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा।

### कहा, डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ चलाए ज्वाइंट ऑपरेशन

# डंकी रूट से युवाओं को विदेश भेजने वालों की पहचान कर करें कड़ी कार्रवाई: नायब

### मुख्यमंत्री सैनी ने जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की संयुक्त बैठक ली



हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डंकी रूट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को विदेश भेजने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न कर सके। साथ ही चिट फंड व अन्य तरीके से लोगों का पैसा कई गुणा करने का झांसा देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई अनियमित तरीके से पैसा जमा कराने की योजना संचालित करता है, तो उसके द्वारा खरीदी गई सम्पति की रजिस्टरी पर बैन लगाने का फैसला भी लिया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की आयोजित संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर उन्हें कानून व्यवस्था, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे पर प्रहार, बाल श्रम और अवैध खनन सहित अन्य अहम मुद्दों पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। करनाल के मधुबन पुलिस कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस बैठक में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव सहित सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को गांवो में रात्रि ठहराव के निर्देश देते हुए कहा है कि हरियाणा के हर व्यक्ति को न्याय दिलवाना और उनके कष्ट दूर करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए सभी अधिकारी गांव में रात्रि ठहराव करना सुनिश्चित करें और लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान करें। साधनहीन और कम साधन वाले परिवारों के हितों की रक्षा करने में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फील्ड में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सरकार का चेहरा है और प्रदेश की जनता को उनसे आशाएं और आकांक्षाएं हैं। सभी अधिकारी आपसी सामंजस्य से कार्य करते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की वे प्रशासनिक कार्यक्षमता को बढ़ावा देते हुए सुनिश्चित करें कि सरकार की विभिन कल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों का लाभ आम जनता को उनके घरद्वार पर मिले।

### हर थाने में एक बाल कल्याण अधिकारी हो उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि हर थाने में एक बाल कल्याण अधिकारी उपलब्ध होना चाहिए और उसे किशोरों व बच्चों के प्रति लैंगिक अपराधों से संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि इस तरह के जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, बाल विवाह को रोकने के लिए उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

### डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ चलाएं ज्वाइंट ऑपरेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला में डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाएं। नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अधिकारी समन्वय से कार्य करते हुए नशा माफिया की पहचान करें और नशा की सप्लाई चेन के रैकेट पर प्रहार करते हुए उसे ध्वस्त करें ताकि प्रदेश को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाया जा सके। प्रदेश में अवैध खनन के मामलों का कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इस पर रोक लगाने के लिए तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन विभाग को भी इस दिशा में फौरी कदम उठाने के लिए कहा गया है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

# दिल्ली में 'आयुष्मान भारत' फिलहाल नहीं होगी लागू



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि राज्य सूची की शक्तियां सीमित हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने सरकार की शक्तियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में फिर से परिभाषित किया है।

### रवि और स्टालिन को दी चेतावनी

#### अगली सुनवाई तक मामला सुलझा लें

तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच कुलपतियों की नियुक्ति पर जारी विवाद कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति एसबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई तक अगर यह मामला सुलझ जाता है तो ठीक है। नहीं तो हम इसे सुलझा लेंगे। राज्यपाल और तमिलनाडु सरकार के बीच विधेयकों को मंजूरी देने का मामला पिछले लंबे अटका पड़ा है। राज्यपाल रवि ने मद्रास विश्वविद्यालय, भारथिअर विश्वविद्यालय और तमिलनाडु शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपतियों के नामों को तय करने के लिए एक समिति का गठन किया था।

### सीजेआई ने किया एक और बदलाव

#### नई कमेटी में ज. नागरत्ना व बांसुरी शामिल

सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में एक और बदलाव किया है। उन्होंने शीर्ष अदालत में जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी का पुनर्गठन किया है। 11 सदस्यों वाली इस समिति में जस्टिस बीवी नागरत्ना को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार की ओएसडी सुजाता सिंह सदस्य सचिव होंगी। इस पैनल में जस्टिस नोंगमईकापम कोटिस्वर सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी, लिज़ मैथ्यू और बांसुरी स्वराज को सदस्य बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की क्यूएस सर्वे की सराहना

# भारत नौकरियों के लिए टॉप मार्केट बन रहा

### सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने जरूरी कौशल प्रदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की रिपोर्ट में भारत को भविष्य की मांग वाली नौकरियों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल और ग्रीन टेक्नोलॉजी के लिए प्रमुख बाजार बताया गया है। पीएम ने इस उपलब्धि पर कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने सक्रिय रूप से काम कर रही है। पीएम ने 'एक्स'पर लिखा, पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी कौशल प्रदान करने पर काम किया है।

**इसे बढ़ावा देने को सरकार सक्रियता बढ़ा रही**



#### नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बना

हमने भारत को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की यह रिपोर्ट हमें आगे की दिशा में प्रेरित करती है और युवाओं को सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को मजबूती देती है।

**कौशल विकास की पहलें आईं काम :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास की पहलें इन रैंकिंग्स में दिखाई देने लगी हैं। क्यूएस क्वाक्वारेली साइमंड्स वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए विश्लेषण और जानकारी प्रदान करता है, जो शैक्षिक उपलब्धियों, अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता और करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

#### फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में भारत ने दूसरा स्थान हासिल किया

रिपोर्ट में 'फ्यूचर ऑफ वर्क' श्रेणी में भारत ने 99.1 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें वह केवल अमेरिका से पीछे है। रिपोर्ट ने भारत की वेंचर कैपिटल निवेश को आकर्षित करने और एआई को कार्यबल में शामिल करने की तैयारी की भी प्रशंसा की। केपनी के एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर डॉ. अश्विन फर्नांडिस ने भारत की प्रगति की सराहना की।

### हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर

# किरण को दोबारा मिली छग भाजपा की कमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आखिरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में किरण सिंहदेव का मनोनयन एक बार फिर कर दिया गया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके नाम पर शुक्रवार को अंतिम मुहर लगा दिया। हरिभूमि ने अपने सुधि पाठकों तक गत 25 दिसंबर को ही किरण सिंहदेव के दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर खबर पहुंचाई थी।




किरण सिंहदेव के एक और कार्यकाल के लिए छग प्रदेश अध्यक्ष के बतौर नियुक्ति के साथ ही मंडल से लेकर 30 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के सिलसिले के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया को नए सिरे से गति मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल पूरा होने के बाद देश भर में संगठन की निर्वाचन प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के नेतृत्व में छग में भी सांगठनिक स्तर पर निर्वाचन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई थी। सांगठनिक चुनाव विशेषज्ञ माने जाने वाले गजेंद्र राव सिंह पटेल, खूबचंद पारख को छग की जिम्मेदारी दी गई है। शीर्ष नेतृत्व की कोशिश है कि भाजपा संगठन अपेक्षाकृत युवा नेताओं के हाथों में रहे इसलिए ये तय किया गया है कि मंडल अध्यक्ष 45 साल से ऊपर उम्र के नहीं बनाए जाएंगे। जिलाध्यक्षों की उम्र सीमा 60 साल रखी गई है। युवा मोर्चा के लिए अध्यक्ष 32 के होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम जारी

# शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से क्षेत्र में बढ़ेंगी औद्योगिक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य पर संकल्पित भाव के साथ कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आरंभ की गई शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय अगली कड़ी के रूप में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार पर उद्योग समूह और निवेशकों के साथ संवाद होगा। शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त हुए नए निवेश के प्रस्ताव उत्साहवर्धक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, स्वास्थ्य, खनन, भारी उद्योग, लघु एवं मध्यम उद्योग सहित सभी सेक्टर में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। पिछली इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में जो एमओयू हुए थे, उन पर सभी आवश्यक कार्रवाई कर ली गई है। यह सुखद है कि इस आरआईसी में उन उद्योगों के अंतर्गत उद्योगों के भूमिपूजन और लोकार्पण भी आज किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ ही युवाओं को रोजगार के भी पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे।

## शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त निवेश प्रस्ताव उत्साहवर्धक

## रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे



### कोयला, ऊर्जा और इस्पात के क्षेत्र में दिए गए निवेश प्रस्ताव

शहडोल रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में शामिल 40 से अधिक उद्योगपतियों ने निवेश के कई प्रस्ताव दिए। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र की औद्योगिक संवर्धन नीति की प्रशंसा की। टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट नवीन कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की निवेश नीति उद्योगों के अनुकूल है। निवेश की दृष्टि से आदर्श राज्य है। यहां तय समय-सीमा में निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली पानी और अधोसंरचना की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड प्रदेश में आधुनिक तकनीक पर आधारित थर्मल पॉवर प्लांट लगाने जा रहा है। इससे 1 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश की इच्छा जताई।


### हर संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव साहसी कदम

रिलायंस एनर्जी के रवि कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर साहसी कदम उठाया है। यह छोटे और बड़े दोनों निवेशकों के लिए बड़ा असरदार रहा है। रिलायंस ने शहडोल से नेचुरल गैस पर आधारित उद्योग 20 वर्ष पहले स्थापित किया था, इसमें 6 हजार करोड़ का निवेश कर शहडोल से फूलपुर उत्तरप्रदेश तक 250 किलोमीटर तक गैसपाइप लाइन बिछाई है। यह पूरा क्षेत्र गैस आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए सबसे अनुकूल क्षेत्र है।

सरदा एनर्जी रायपुर के उद्योगपति कमल किशोर शारदा ने कहा कि हम शहडोल क्षेत्र में कोयले पर आधारित स्टील प्लांट लगाने जा रहे हैं। साथ ही नवकरणीय ऊर्जा एवं थर्मल पॉवर में भी हम निवेश करेंगे। उद्योगों की स्थापना से इस पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। हम क्षेत्र के किशानों को हाईब्रिड बीज उत्पादन का प्रशिक्षण देकर क्षेत्र की खेती को भी बेहतर करने का प्रयास करेंगे। उद्योगपति नरेन्द्र गोयल ने कहा कि हम शहडोल क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का निवेश करके सरिया बनाएंगे। हमनें यहां कोल ब्लाक लिया है, जिसमें शीघ्र उत्खनन होगा। कार्यक्रम में अन्य उद्योगपतियों ने भी निवेश के आकर्षक प्रस्ताव दिए।

## निवेशकों को सभी तरह का सहयोग देगी मप्र सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शहडोल में आयोजित आरआईसी में विभिन्न उद्योगपतियों और उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा की। खनन के क्षेत्र में कार्य कर रही शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स के सीएमडी कमल किशोर शारदा ने ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत एकीकृत स्टील प्लांट स्थापित करने की जानकारी दी। इसके लिए लगभग 500 एकड़ भूमि आवंटन किए जाने की बात मुख्यमंत्री के सामने रखी। मुख्यमंत्री को प्रदेश में निवेशकों को बेहतर माहौल तैयार करने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त किया कि निवेशकों को सभी तरह का सहयोग सरकार देगी। प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में निवेश की असीम संभावनाओं को देखते हुए टॉरेंट पॉवर के वाइस प्रेसिडेंट नवीन सिंह ने 18 हजार करोड़ रुपए के निवेश से 800 मेगावाट के ताप विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने बताया कि इससे लगभग 7 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार रिलायंस ग्रुप बिजनेस हेड (कोल बेस्ड मीथेन) रवि कुमार प्रेक्की ने बातचीत के क्रम में मीथेन गैस निष्कर्षण के लिए अपनी आगामी कार्य योजना के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक भरोसे के साथ निवेश करें, सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन को भेंट की शॉल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा में गंगा खनिज डायरेक्टर अशोक कुमार चतुर्वेदी ने ऊर्जा, खनन के क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजनाओं एवं प्रदेश में भविष्य की निवेश गतिविधियों के संबंध में बताया। बजरंग पॉवर एवं इस्पात के एमडी नरेंद्र गोयल ने खनन क्षेत्र में निवेश करने की रुचि दर्शाई। इसमें स्टील कॉम्प्लेक्स स्थापित कर इसके माध्यम से 15 सौ से अधिक रोजगार सृजन होने की जानकारी दी। गोयल ने प्रदेश में निवेशकों को सकारात्मक और निवेश प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री को शॉल भेंट की।

## सीएम ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की

मुख्यमंत्री ने डीडीटीसी एक्जिम के सीएमडी उमाशंकर अग्रवाल से चर्चा की। अग्रवाल ने टैक्सटाइल इंडस्ट्री में एकीकृत टैक्सटाइल मिल स्थापित किए जाने पर योजना से अवगत कराया। इस परियोजना से लगभग 5 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। उक्त परियोजना के क्रियान्वयन में शासन से प्राप्त होने वाली समस्त अनुमति के सरलीकरण पर चर्चा की। वन-टू-वन चर्चा में ओरिएंट पेपर मिल के एमडी एवं सीईओ अनंत अग्रवाल ने प्रदेश में प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत कर पेपर निर्माण इकाई के विस्तारीकरण और उसके आधुनिकीकरण के बारे में अवगत कराया। इसी तरह खनन सेक्टर के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा महावीर कोल रिसोर्सेस के डायरेक्टर अनुराग जैन, आरके ग्रुप के सीईओ राजेंद्र कुमार शुक्ला एवं जेएमएस माइनिंग के डायरेक्टर कल्याण कुमार हजरा ने मुख्यमंत्री से जाहिर की।

### खेलों के प्रोत्साहन के लिए आभार माना

मुख्यमंत्री का खेल जगत में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रिकेटर पूजा वस्त्रकार ने प्रदेश में खेल कूद को बढ़ावा देने और खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार व्यक्त किया। वन-टू-वन चर्चा के क्रम में खाद्य प्र-संस्करण सेक्टर की ग्रेनोक्सी के फाउंडर शुभम तिवारी ने वर्तमान में संचालित मिलेट प्र-संस्करण इकाई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कंपनी मोटे अनाज का निर्यात करने विदेशों से ऑर्डर प्राप्त हो रहे हैं। ग्रीनवुड सोलर सोल्यूशन के सीईओ अनिकेत लाड ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए सोलर पैनल निर्माण प्लांट स्थापित किए जाने की कार्य योजना रखी।

## शहडोल संभाग और समूचा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्धः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस कॉन्क्लेव में देशभर से उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। शहडोल संभाग और समूचा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। यहां मां नर्मदा का आशीर्वाद है, कोयले का अपार भंडार है और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसरों का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता और उनके विजन के कारण इस क्षेत्र में अब औद्योगिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। शहडोल संभाग में उद्योगों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल, जमीन, जंगल और जन हैं। यहां के परिश्रमी लोग उद्योग को ऊंचाई तक ले जाने में सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरा प्रदेश औद्योगिक निवेश की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### उद्योगपतियों ने अपने विचार साझा किए

रमणीक पॉवर बालाघाट के उद्योगपति हर्ष त्रिवेदी ने कहा कि हमने मप्र में 50 करोड़ रुपए के निवेश से उद्यम शुरू किया था, जिसे प्रदेश की उद्योग हितैषी नीति से हमने 350 करोड़ के निवेश तक पहुंचाया है। हम अब यहां 500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। मप्र में अच्छी सड़कें, रेलमार्ग और अन्य सुविधाएं उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। प्रदेश जहां कभी बिजली की कमी थी, अब वह दूसरे राज्यों को बिजली दे रहा है। यहां बड़ी संख्या में प्रशिक्षित श्रमिक और तकनीशियन हैं। मप्र शीघ्र ही देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होगा।

## सेक्टोरल सत्र में एमएसएमई और स्टार्टअप, पर्यटन और खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों से हुआ संवाद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आयोजित 3 सेक्टोरल सत्र में एमएसएमई और स्टार्ट-अप, पर्यटन और खनन क्षेत्र में अवसरों पर उद्योगपतियों से संवाद किया। उद्योगपतियों को एमएसएमई, पर्यटन और खनन क्षेत्र में निवेश की संभावना और राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली सहूलियतों की जानकारी दी गई।*

## एक वर्ष में आईटी क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष वशिष्ठ ने डेस्टिनेशन मप्र द होम टू इमर्जिंग टेक हब्स इन इंडिया पर राज्य में आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम सेक्टर क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाओं पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश को देश का आईटी हब बनाने के लिए राज्य में जीवंत तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र, उद्यमशीलता संस्कृति, सरकारी की नीतियां, तकनीकी रूप से कुशल कार्यबल, व्यवसाय में न्यूनतम जोखिम, बुनियादी ढांचा, बेहतर कनेक्टिविटी, ईज ऑफ लिविंग और कार्य जीवन संतुलन बेहतर हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में आईटी क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। निवेश प्रस्ताव में जैसे एलटी माइंड ट्री, कॉग्निजेंट और हेक्सावेयर जैसी बड़ी कंपनिया शामिल हैं। एमडी वशिष्ठ ने बताया कि नवीन एवीजीसी-एक्सआर (ऐनिमेशन, वीजुअल इफेक्ट्स, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियालिटी) नीति, जीसीसी नीति के ड्राफ्ट तैयार किया गया है, जो लागू करने के अंतिम चरण में है।

### देश की 50 से अधिक बड़ी आईटी, आईटीईएस इकाइयां मप्र में स्थापित

वशिष्ठ ने राज्य के उन्नत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 2 हजार से अधिक आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें एमपीएसईडीसी में पंजीकृत 650 इकाइयां हैं, जिन्हें राज्य की नीतियों का लाभ मिला है। इन इकाइयों का टर्न ओवर 10 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है। देश की 50 से अधिक बड़ी आईटी एवं आईटीईएस इकाइयां मप्र में स्थापित हैं। प्रदेश से हर वर्ष 500 मिलियन डॉलर का निर्यात आईटी से जुड़ी कंपनियों के माध्यम से होता है। राज्य में 5 आईटी स्पेशल इकोनॉमिक जोन हैं। राज्य सरकार की ओर से 15 आईटी पार्क बनाए गए हैं, जिनसे डेढ़ लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

| इकाई का नाम | सेक्टर प्रस्तावित | निवेश स्थान | निवेश ( करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| टोरेंट पावर लिमिटेड | ऊर्जा | शहडोल संभाग | 18000 | 7000 |
| बजरंग पावर और इस्पात | खनन | उमरिया | 3300 | 1500 |
| सेलेक्ट बिल्डर्स | नवीनीकरण ऊर्जा | शहडोल | 2500 | 1500 |
| शारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड | खनन | शहडोल | 2500 | 3500 |
| ऑरो कोल प्रा.लि. | खनन | अनूपपुर | 1500 | 1100 |
| जेएमएस माइनिंग | खनन | शहडोल, अनूपपुर और उमरिया | 350 | 525 |
| एसएम प्रिमल | सीमेंट, ऐथेनॉल एवं राईस मिल | अनूपपुर | 300 | 3000 |
| डीडीटीसी एक्जिम लिमिटेड | टैक्सटाइल | | 1200 | 5000 |
| प्रकाश इंडस्ट्रीज लि. | खनन | उमरिया | 250 | |
| वायएनए इंडस्ट्री | नवीनीकरण ऊर्जा | शहडोल संभाग | 200 | 1500 |
| आरके ग्रुप | ऊर्जा | शहडोल, अनूपपुर और उमरिया | 110 | 350 |
| महावीर कोल रिसोर्सेज प्रा.लि. | खनन | कटनी, सिंगरौली और अनूपपुर | 100 | 100 |
| रमणीक पावर | ऊर्जा | शहडोल | 500 | 1200 |
| एमएसएमई इकाइयों के विभिन्न सेक्टरों के 48 निवेश प्रस्ताव | | शहडोल संभाग | 1710 | 4650 |
| **कुल** | | | **32,520 करोड़** | **30,925 लोगों को मिलेगा रोजगार** |

## खनिज संपदा में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्यः प्रमुख सचिव उमराव

*प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने राज्य में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाओं पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग में राज्य देश में प्रथम है। मप्र खनिज संपदा के मामले में देश में अग्रणी राज्य है। यह खनन एवं खनिज आधारित उद्योगों के लिए अत्यधिक संभावनाएं प्रदान करता है। मप्र में विविधतापूर्ण खनिज पूरे राज्य में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि शहडोल संभाग में खनिज की अधिक उपलब्धता के कारण इसे माइनिंग संभाग कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में कोल बेड मीथेन की प्रचुर उपलब्धता है। राज्य में देश के कुल भंडार का 36 प्रतिशत कोल बेड मीथेन के भंडार है। कोल बेड मीथेन के उत्पादन में राज्य का देश में दूसरा स्थान है। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि राज्य सरकार ने खनिज उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। इनमें प्लांट और मशीनरी में निवेश पर 40% तक की पूंजी सब्सिडी और 100 करोड़ रुपए से अधिक की मेगा परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन शामिल हैं। राज्य में प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक के कुशल टेक्निकल एंड मैनेजमेंट स्नातक निकलते हैं। उन्होंने बताया कि देश के टॉप शिक्षा संस्थान मप्र में है। विद्युत ऊर्जा में राज्य 25 हजार मेगावाट से अधिक ऊर्जा के साथ सरप्लस राज्य है। उद्योगों के लिए पानी और श्रम शक्ति की प्रचुरता है।*

### पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैंः मुखर्जी

मप्र में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने की उद्योगपतियों के पास अपार संभावनाएं हैं। मप्र में कई वाटर फॉल है। नर्मदा केन-बेतवा, चंबल सहित अन्य महत्वपूर्ण नदियां है। इसके साथ ही 24 सैंक्च्युअरी, 12 नेशनल पार्क, 9 टाइगर रिजर्व है, 14 यूनेस्को की साइट और 2 ज्योतिर्लिंग है। आवागमन के लिए मध्यप्रदेश में 7 एयरपोर्ट है। अपर प्रबंध संचालक, मप्र पर्यटन बोर्ड बिदिशा मुखर्जी ने उद्योगपतियों को टूरिज्म पॉलिसी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्योगपति होटल, होम-स्टे, म्यूजियम, क्रूज सहित अन्य क्षेत्र में निवेश कर सकते हैं। मप्र में एक हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन उपलब्ध है। मप्र के साथ ही शहडोल जिले में भी पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने अपार संभावनाएं है। उन्होंने शहडोल में पर्यटन बोर्ड के किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में हुई मुठभेड़

# मारे गए नक्सलियों में 12 के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अभी सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल थे। इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है।

### सभी जवान सुरक्षित

मुठभेड़ में मारे गये 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। इस एनकाउंटर में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं। यह जवानों के वापस लौटने के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा। शुक्रवार सुबह से ही फोर्स फिर से सर्चिंग पर पहुंच गई।

## किरण सिंहदेव ही बने रहेंगे छत्तीसगढ़ के भाजपा अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वर्तमान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ही प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें दोबारा निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना। क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष के लिये किसी भी दावेदार का नाम सामने नहीं आया था। ऐसे में किरणसिंह देव ही निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्हें दूसरा कार्यकाल दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने उनके नाम का एलान किया। वहीं छत्तीसगढ़ से 17 लोगों का नाम राष्ट्रीय परिषद के लिये आया है, जो बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के लिये कुल तीन नामांकन पत्र सामने आये थे। हालांकि ये तीनों नामांकन अलग-अलग नेताओं के नहीं, बल्कि एक ही नेता यानी किरण सिंहदेव के ही थे।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर, सेक्टर-एमआई एक्सप्रेस ग्रीन में सामुदायिक केन्द्र / क्लब हाउस का निर्माण, लाइसैंस नं. 283 ऑफ 20074 (एलसी-1394) | 15.01.2025 29.01.2025 | 634.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | -9910728120 jia.manesar@hsidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/31814/I/88/7 दि. 17.01.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 4, रोहतक में प्रधाना मोहल्ला निखिल सिक्का वाली गली 10.00 गली का निर्माण + 6 कार्य। | 15.01.2025 22.01.2025 | 1.24 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/31853/I/88/7 दि. 17.01.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | डब्ल्यू.एस. मेक. डिवीजन, रेवाड़ी के पम्प हाउस जेसी-3 में 2 अदद 50 सीएस पम्पस (पी-4 और पी-6) की मरम्मत + 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 31.01.2025 | ईएमडी 56302/- | https://etenders.hry.nic.in | 1274298963 xenmech@yahoo.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली टाउन हेतु डीएनआईटी :- वर्ष 2024-25 हेतु कालांवाली टाउन के लिए 9.50 एमएलडी एसटीपी एसबीआर तकनीक पर आधारित सीएच. से : सीवरेज योजना का वार्षिक रखरखाव आकलन वाटर लेवल सेंसर डी कैंटर, डीओ मीटर की फिक्सिंग व प्रावधान और एक्वेटर, स्कैडा, कोर्स मैकेनिकल स्क्रीन और अन्य विविध कार्य। | 15.01.2025 22.01.2025 | 9.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां में अम्बेडकर भवन को पूरा करना + 4 कार्य। | 15.01.2025 22.01.2025 | 82.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी में ड्रेनेज हेतु नाला का निर्माण (मानकावास रोड) (डीएमएफ के तहत) + 1 कार्य। | 15.01.2025 22.01.2025 | 34.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में बलियाला हैड से बीएमबी के साथ-साथ दमकोरा ब्रिज कि.मी. 0.0 से 8.95 और 2.39 से 4.22 को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सी.एम. घोषणा कोड 27239 दिनांक 23.01.2023) | 10.01.2025 03.02.2025 | 610.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सिरसा | सादेवाला : गांव सादेवाला, ब्लॉक रानियां, जिला सिरसा (एचआरडीएफ) कृष्ण कुमार से रणबीर पंच तक आईपीबी फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 15.01.2025 23.01.2025 | 40.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सिरसा | नेजाडेला खुर्द - गांव नेजाडेला खुर्द, ब्लॉक बड़ा गुढा, जिला सिरसा (फेज-प्रथम) में ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत आरसीसी पाइप लाइन बिछाना और अन्य कार्य + 1 कार्य। | 15.01.2025 23.01.2025 | 80.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सिरसा | मट्टार - गांव मट्टार ब्लॉक बड़ा गुढा, जिला सिरसा (द्वितीय एचजीवीवाई स्थापना) रोडी रोड से चौधरी की ढाणी तक आईपीबी रास्ता की पेवमेंट। | 15.01.2025 23.01.2025 | 7.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सिरसा | रोडी - जोरा सिंह पुत्र मघर सिंह के मकान से रूड सिंह निकट पीर खाना ब्लॉक बड़ा गुढा (डी प्लान 2024-25) आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 14.01.2025 20.01.2025 | 22.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, कैथल | बीएमएल - एचबी-बीबी-एमपीएलसी से आरडी 200000 से 265000 तक बैड की गाद निकालने और किनारे के मजबूतीकरण हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 20.01.2025 | 57.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहड़ नूह | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप के माध्यम से सुपर स्पेशिलिटी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सेवाएं कॉर्डियो-थोराकिक, सर्जरी सुविधा और 10 बैड के कार्डियेक केयर यूनिट हेतु निविदा। | 23.01.2025 17.02.2025 | 18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/220/31856/I/88/7 दि. 17.01.25

## चिंतन

# पुलिस जांच तंत्र में तत्काल सुधार जरूरी

पुलिस तंत्र को अपनी कार्यप्रणाली में सतत सुधार करते रहना चाहिए। कानूनों के क्रियान्वयन में जहां उसे संवेदनशील बनने की जरूरत है, वहीं जांच में अत्याधुनिक तकनीकों व तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। पूर्वधारणा के आधार पर या शिकायतकर्ता के आरोपों की गहन जांच किए बिना अपराध के लिए किसी को आरोपी बना देने की मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने पुलिस को संवेदनशील बनने की नसीहत के साथ चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा केवल मृतक के व्यथित परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए यांत्रिक ढंग से नहीं लगाई जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है आरोपियों को जांच प्रक्रिया के दौरान ऐसी स्थिति के दुरुपयोग का शिकार न होना पड़े, जिसे साबित नहीं किया जा सके। पीठ ने दो टूक कहा, 'ऐसा लगता है कि पुलिस भादंसं की धारा 306 का लापरवाही से और बहुत आसानी से इस्तेमाल करती है। वैसे जहां मूल आधार हो, उन वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले की सुनवाई कर रहा था, इस दौरान कोर्ट ने पुलिस की जांच प्रणाली में खामियों को उजागर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधीनस्थ अदालत को भी 'बहुत सावधानी और सतर्कता' बरतनी चाहिए तथा भले ही किसी मामले में जांच एजेंसियां धारा 306 के तत्वों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखा रही हों, अधीनस्थ अदालत को यांत्रिक रूप से आरोप तय करके 'सुरक्षित खेल खेलने की प्रवृत्ति' नहीं अपनानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी मामले को भादंसं की धारा 306 के दायरे में लाने के लिए आत्महत्या का मामला होना चाहिए और यह भी तथ्य होना चाहिए कि उक्त अपराध के लिए कथित तौर पर उकसाने वाले व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए उकसाने या आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए कोई निश्चित कार्य करके सक्रिय भूमिका निभाई होगी। यह तो बानगी है। अनेक ऐसे मामले आए दिन प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें पुलिस कानून के गलत इस्तेमाल करते हुए दिखती है। कभी जांच की जटिलता से बचने के लिए, कभी दबाव में, कभी आपसी खुंदक में, कभी अपनी वाहवाही के लिए पुलिस आरोपों की जांच में या तो शीघ्रता बरतती है, या पूर्वधारणा का सहारा लेती है या फिर आरोपित को ही दोषी मानकर कार्रवाई करने लगती है। इसीलिए देश में पुलिस सुधार को लेकर मांग उठती रही है। पुलिस सुधार को लेकर सर्वोच्च न्यायालय निर्देश दे चुका है। शीर्ष अदालत ने स्वायत्तता, जवाबदेही और लोकोन्मुखता के बिंदुओं पर पुलिस तंत्र में सुधार की बात कही थी। पुलिस की स्वायत्तता को मजबूत कर उसे बाह्य दबावों से मुक्त रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि डीजीपी, आईजी, एसपी, एसएचओ की दो वर्ष की निश्चित तैनाती मिलनी चाहिए। राज्यों को नए सिरे से लोकोन्मुख पुलिस अधिनियम बनाने का निर्देश दिया था। पुलिस सुधारों को लोकतंत्र व सामाजिक कल्याण से जोड़कर ही इनके वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है। मौजूदा सरकार को पुलिस सुधार को लागू करने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए।

# प्रवासी भारतीयों से सहयोग की अपेक्षा



निवेश
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुठ्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स , जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक



8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रूझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन व डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बना है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही हैं। हम उम्मीद करें कि एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सामरिक शक्ति

योगेश कुमार गोयल



# समुद्र में दुश्मनों के लिए अदृश्य खतरा है आईएनएस सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में जिन तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में कमीशन किया, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'आईएनएस सूरत'। यह युद्धपोत न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और सामरिक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा। इसकी उन्नत तकनीक, स्वदेशी निर्माण और तेज निर्माण प्रक्रिया इसे विशेष बनाते हैं। आईएनएस सूरत का निर्माण और संचालन भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा नया युग लेकर आया है, जो भविष्य में देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। वास्तव में आईएनएस सूरत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि भारतीय नौसेना के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, साथ ही भारत के आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वय का प्रतीक भी है। इसके सफल संचालन से भारतीय नौसेना अन्य आधुनिक युद्धपोतों और प्रणालियों के विकास की ओर अग्रसर होगी। आईएनएस सूरत को पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों और ईंधन दक्षता को प्राथमिकता दी गई है। यह युद्धपोत न केवल ताकतवर है बल्कि समुद्री पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार है। आईएनएस सूरत स्वदेशी रूप से निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस किया गया है। इस युद्धपोत को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बचकर उस पर सटीक हमला भी कर सके।

इसके उन्नत स्टील्थ फीचर्स और उन्नत रडार सिस्टम इसे समुद्र में एक अद्वितीय ताकत बनाते हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोतों में चौथा और परियोजना-15बी के तहत निर्मित विध्वंसक पोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत है। इस युद्धपोत का नाम गुजरात के सूरत शहर के नाम पर रखा गया है, जो अपने व्यापार और औद्योगिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। आईएनएस सूरत में सतह से हवा में मार करने वाले दो वर्टिकल लांचर हैं, जिनसे एक बार में 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें रॉकेट लांचर और टॉरपीडो लांचर भी हैं, जो दुश्मन की पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम हैं। संयुक्त गैस और गैस प्रणोदन प्रणाली से संचालित यह युद्धपोत चार गैस टर्बाइनों से लैस है। समुद्री परीक्षणों के दौरान इसने 30 नॉट्स (लगभग 56 किलोमीटर प्रतिघंटा) की गति प्राप्त की। उन्नत सेंसर और रडार सिस्टम से लैस यह युद्धपोत किसी भी मौसम में, दिन और रात, दुश्मनों की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इस पर चेतक, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), सी किंग और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर संचालित किए जा सकते हैं। इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जो समुद्र में सटीक मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण 15 जून 2024 को शुरू हुआ था और 25 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ। छह महीने से भी कम अवधि में इसने सभी परीक्षण पास कर लिए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षणों के दौरान इसने विभिन्न परिचालन स्थितियों में अपनी क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया। परीक्षणों के दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्री सुरक्षा, दुश्मन पनडुब्बियों के खिलाफ ऑपरेशन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों तथा हथियारों की लांचिंग का सफल प्रदर्शन किया। इसमें 30 नॉट्स की गति प्राप्त करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। यह युद्धपोत सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला कर सकता है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें इसे दुश्मन के विमानों और ड्रोन के खिलाफ भी सक्षम बनाती हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत की समुद्री शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐसा अत्याधुनिक युद्धपोत है, जो समुद्र में दुश्मनों के लिए एक अदृश्य खतरा है। यह भारत के समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय महासागरीय क्षेत्र में चीन और अन्य देशों की बढ़ती गतिविधियों के बीच आईएनएस सूरत का निर्माण भारत की रणनीतिक जरूरतों को पूरा करता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'




संकलित
**दर्शन**

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

*गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।*
*गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

# अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग की पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

\- संदीप पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### 'इमर्जेन्सी' के लिए बधाई



'इमर्जेन्सी' जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर फिल्म बनाने के लिए सांसद कंगना रनौत एवं इस फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। 'इमर्जेन्सी' के दौर की यादों को इस फिल्म के द्वारा पुनः जीवित करने का प्रयास सराहनीय है।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### विरोधी भी तारीफ करते हैं



बीजेपी ने सरेआम में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं जिसका लाभ बीजेपी वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती, काम करना आता है। और काम ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ़ करते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सम्मानित महसूस किया



राष्ट्रपति से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पाकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सम्मान मुझे और भी अधिक मेहनत करने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करता है।

-मनु भाकर, ओलंपिक शूटर

### इस पल को जाने मत दो



यदि आप यह व्यक्त नहीं करने जा रहे हैं कि आप आज वास्तव में कैसा महसूस कर रहे हैं, तो कब? कोई कल नहीं, कोई बीता हुआ कल नहीं.. केवल कुछ ऐसा है जिसे हम 'अभी' कहते हैं इस पल। इसे जाने मत दो..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# दिवंगत नवलनी के तीनों वकील जेल में डाले गए



रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की दमनात्मक कार्रवाई के तहत जेल में डाल दिया गया है। मॉस्को से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेतुस्की शहर की एक अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से पांच साल तक की कैद की सजा सुनायी। उन्हें चरमपंथी संगठनों के साथ संबंध रखने के आरोपों में अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। नवलनी के नेटवर्क को प्रशासन चरमपंथी गतिविधियां मानता था। इस मामले को व्यापक रूप से विपक्ष पर दबाव बढ़ाने के एक तरीके के रूप में देखा जा रहा है ताकि बचाव पक्ष के वकीलों को राजनीतिक मामले लेने से हतोत्साहित किया जा सके। नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा, ''नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है।''

## ऑफ बीट

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा



थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# न्यू एज लव स्टोरी है 'लवयापा'

# खुशी कपूर

प्यार के महीने फरवरी में खुशी कपूर और जुनैद की खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म का एक रोमांटिक सॉन्ग 'रहना कोल' रिलीज हुआ है। इसमें खुशी और जुनैद का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है।



**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म 'लवयापा'एक न्यू एज लव स्टोरी है। कुछ दिन पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें जेनरेशन जी (GEN Z) के नजरिए से प्यार की कहानी कही जा रही है। हाल ही में इस फिल्म का नया गाना 'रहना कोल' रिलीज हुआ। इसमें खुशी और जुनैद प्यार के रंग में रंगे हुए नजर आए। फिल्म 'लवयापा' का नया गाना 'रहना कोल' के बोल काफी अच्छे हैं। यह प्यार के अहसास को बड़ी ही खूबसूरती से बयां कर रहे हैं। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन डे पर यह गाना लव एंथम बन सकता है। गाने में खुशी का ट्रेडिशनल लुक भी नजर आया। साथ ही जुनैद और खुशी के बीच की केमिस्ट्री भी अच्छी दिखी। फिल्म 'लवयापा' का सॉन्ग 'रहना कोल' को जुबिन नौटियाल और जहरा एस खान ने गाया है। दोनों की आवाज का जादू गाने में साफ महसूस होता है। वहीं, तनिष्क बागची ने इस गाने की कंपोजिशन तैयार की है। इस गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है। फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी को रिलीज होगी। यह वैलेंटाइन वीक रहेगा। ऐसे में श्रीदेवी की बेटी खुशी और आमिर खान के बेटे जुनैद की फिल्म को अच्छी ऑडियंस मिल सकती है। इस फिल्म की कहानी की बात की जाए तो एक लड़का (जुनैद खान) और लड़की (खुशी कपूर) एक-दूसरे के प्यार में हैं। शादी करना चाहते हैं। लड़की के पापा (आशुतोष राणा) दोनों की शादी करने के लिए दोनों को आमने-सामने बिठाते हैं। वे नौकरी और करियर से जुड़े कोई सवाल नहीं पूछते। रिश्ता पक्का करने से पहले वे सिर्फ एक तरीका अपनाते हैं। एक दिन के लिए दोनों के फोन एक्सचेंज कर देते हैं। फिर क्या होता है? यही फिल्म की कहानी है।



# इमरजेंसी को दर्शकों से मिली सराहना

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कंगना रनौत ने फिल्म 'इमरजेंसी' को डायरेक्ट भी किया और इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभाई है। फिल्म की कहानी इंदिरा गांधी के कार्यकाल में लगी इमरजेंसी की घटना पर आधारित है। फिल्म 'इमरजेंसी' देखने के बाद कंगना रनौत की एक्टिंग, डायरेक्शन की तारीफ एक दर्शक करते हुए नजर आए। वह बोले कि जब इमरजेंसी लगी थी वह काफी छोटे थे। कंगना की एक्टिंग उनको हर फिल्म में पसंद आती है, इस फिल्म में वह उनकी एक्टिंग को पूरे नंबर देते हैं। फिल्म 'इमरजेंसी'को इस दर्शक ने पांच स्टार दिए हैं। एक और दर्शक का कहना है कि कंगना ने इमरजेंसी के दौर को बिल्कुल वैसा ही दिखाया है, जैसा उस समय हुआ था।

# हेमा मालिनी ने की 'महाकुंभ आरती' लॉन्च

**मुंबई।** अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा ने गुरुवार को महाकुंभ आरती, गंगा आरती और प्रार्थना भजन को लॉन्च किया। इन गीतों को अनूप जलोटा, हेमा मालिनी और विशाल अग्रवाल ने गाया है। इसके बोल कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' ने लिखे हैं। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' और गायक विशाल अग्रवाल मौजूद रहें। इस दौरान सभी ने गीत को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने गीतों को पवित्र और श्रोताओं के साथ गहनता से जुड़ने में सहायक बताया।



## 'हरि हर वीरा मल्लू' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** साउथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। आखिरकार निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया और अब उन्होंने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अगले साल 28 मार्च को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'पावरस्टार पवन कल्याण गारु के गरजने वाले स्वरों के साथ पावरफुल होने के लिए पूरी तरह तैयार।' पवन कल्याण न केवल फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने गाने के तेलुगु संस्करण को अपनी आवाज भी दी है, जिसे पेंचल दास ने लिखा है।


## बदलाव के सफर पर निकलीं

**लॉस एंजिल्स।** 'फैंटास्टिक फोर'फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वॉरेन से तलाक की घोषणा की है। 43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी, 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की।



अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी। मुझे इस बात पर गर्व है कि पिछले 20 वर्षों में हम एक जोड़े के रूप में और अपने विवाह में कैसे आगे बढ़े हैं और अब समय आ गया है कि हम अकेले ही आगे बढ़ें।' 43 वर्षीय अल्बा और वॉरेन ने 2008 में शादी की थी और दोनों तीन बच्चों, बेटियां ऑनर, 16 और हेवन, 13 के साथ-साथ सात वर्षीय बेटे हेस के माता-पिता हैं।

## टीवी मसाला



# रुबीना की परफेक्ट इंग्लिश ने शो में लगाया हंसी का तड़का

**नई दिल्ली।** फेमस सेलेब्रिटी रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स'इस महीने अपने नए सीजन के साथ धमाकेदार वापसी करने वाला है। शो में टीवी और सोशल मीडिया की मशहूर हस्तियां अपने खाना बनाने की कला के साथ-साथ हंसी और मजाक का तड़का लगाती नजर आएंगी। शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर बहुत से मजेदार प्रोमो शेयर किए हैं। इन टीजर्स ने लोगों को पहले सीजन के मजेदार पलों की याद दिलाई और ऐसा फील कराया की दूसरे सीजन में और भी ज्यादा मजा आने वाला है। एक प्रोमो में रुबीना दिलैक और राहुल वैद्य की मजेदार नोकझोंक दिखाई गई, जहां रुबीना राहुल को सही तरीके से काम करने के लिए कहती नजर आईं। प्रोमो में, रुबीना ने राहुल से कहा कि वो डिश में थोड़ा कम तेल डालें ताकि उसका स्वाद न खराब हो, ज्यादा तेल पड़ने से खाने का टेस्ट खराब हो जाएगा, तेल में डूबाना नहीं है। इसके बाद एक्ट्रेस ने राहुल से टेबल साफ करने के लिए टिशु मांगा और कटलरी लाने के लिए कहा. फिर एक्ट्रेस की बातों से राहुल परेशान नजर आए और उन्होंने कहा क्या लाकर दूं, स्कूटर ला दूं ये हल्की-फुल्की बातों से एक बात को पक्की है कि इस सीजन में भी लोगों को खूब मजा आने वाला है, लोग हंस-हंस कर थकने वाले हैं।

# सावी बनेगी रजत के बच्चे की मां, लेकिन होगी एक अनहोनी

**मुंबई।** 'गुम है किसी के प्यार'के अपकमिंग एपिसोड्स में कई ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिलेंगे। शो में मौजूदा ट्रैक सावी और रजत के इर्द-



गिर्द घूम रहा है। उनके रिलेशन में नए चैलेंजेस आ रहे हैं। मेकर्स ने शो का नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें सावी और रजत की ज़िंदगी में बड़े बदलाव की तरफ इशारा किया गया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि सावी, जो पहले ये मान चुकी थी कि शायद वो कभी मां नहीं बन पाएगी, उसे पता चलता है कि वो रजत के बच्चे की मां बनने वाली है। इससे वह बेहद खुश होती है। सावी ये खुशखबरी रजत को बताती है और दोनों इस नए पड़ाव को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आते हैं। लेकिन, ठीक जब सावी और रजत अपनी नई खुशियों में डूबे हुए थे, अचानक एक अनहोनी हो जाती है।





रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**18.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी और बनारस स्टेशन |
| 09404 | जंघई | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, आगरा किला, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी एवं आणंद स्टेशन। |
| 06019 | मंगलूरू | 04:15 | वाराणसी जं. | 14:50 | कासरगोड, नीलेश्वरम, पैय्यानूर, कण्णुर, तलश्शेरी, वडकारा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड़ जं., कोयंबत्तूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुरकागज नगर, बल्हारशाह जं., चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन। |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 06071 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमतीनगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन। |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, काशी एवं वाराणसी स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आजमगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपलली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, बनारस एवं शाहगंज स्टेशन। |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं.स्टेशन। |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |

**19.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना | 12:45 | औड़िहार जं., जौनपुर, वाराणसी, चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, विश्वामित्री एवं भरूच स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 08562 | विशाखपट्णम जं. | 22:20 | गोरखपुर | 20:25 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन। |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन । |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. के स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, भारत से जुड़ा है वाहन क्षेत्र का भविष्य

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आगाज मारुति, हुंडई ने पेश किए अपने ईवी मॉडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*दिल्ली के भारत मंडप और यशोभूमि में शुक्रवार से शुरू हुए ऑटो एक्सपो में इस वर्ष 40 से अधिक विदेशी कंपनियां भाग ले रही है। एक्सपो के पहले दिन मारुति, हुंडई, सुजुकी, हीरो मोटर कॉर्प सहित कई कंपनियों ने अपने नए मॉडल प्रदर्शित किए। मारुति और हुंडई ने अपने बहुप्रतिक्षित इलेक्ट्रिक मॉडल आज पेश किए।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वाहन क्षेत्र का भविष्य भारत से जुड़ा है। पिछले एक साल में 2.5 करोड़ वाहनों की बिक्री और चार साल में 36 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इस बात की पुष्टि करता है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारत मंडपम में वैश्विक वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत वाहन क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य संवारने को इच्छुक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। इस साल पांच दिन चलने वाली प्रदर्शनी तीन स्थानों राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम तथा यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में आयोजित की जा रही है।

### एक ही छत के नीचे सभी गाड़ियां

प्रदर्शनी में वाहन, कल-पुर्जों और प्रौद्योगिकियों से जुड़े 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर वस्तु देखने को मिलेगी।



**खास बातें**

- पिछले एक साल में ढाई करोड़ वाहनों की बिक्री की
- चार साल में 36 अरब डॉलर का एफडीआई आया
- 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद

*डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई : 'मेक इन इंडिया' पहल को पीएलआई (उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन) योजना से भी बढ़ावा मिला। इससे इस क्षेत्र में 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद मिली है। इस योजना से वाहन क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से 1.5 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।*



**एमजी मोटर ने दो नए मॉडलों उतारे :** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के साथ किफायती लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में कदम रखने की घोषणा की।



*सुजुकी पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो अन्य मॉडल किए पेश : दोपहिया वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लि. (एसएमआईपीएल) ने अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर ई-एक्सेस' समेत तीन मॉडलों को पेश किया।*

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार नए उत्पाद पेश किए




देश की अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर खंडों में कुल चार नए उत्पादों को पेश किया। हीरो मोटोकॉर्प ने एक्सट्रीम 250आर बाइक को पेश करने के साथ पहली बार 250 सीसी खंड में कदम रखा।

## अशोक चंद्रा ने पीएनबी के एमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** अशोक चंद्रा ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया। वहीं, बिनोद कुमार ने इंडियन बैंक के सीईओ और एमडी का कार्यभार संभाल लिया। इन दोनों की नियुक्तियों के बारे में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। केनरा बैंक के पूर्व कार्यकारी निदेशक चंद्रा ने पीएनबी के एमडी और सीईओ के रूप में अतुल कुमार गोयल का स्थान लिया है। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चंद्रा ने 1991 में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में तत्कालीन कॉरपोरेशन बैंक के साथ अपना बैंकिंग करियर शुरू किया और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में शाखा प्रमुख के रूप में काम किया।

## एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ चार फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में चार प्रतिशत बढ़कर 6,304 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले साल की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6,071 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक की कुल आय बढ़कर 36,926 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 33,516 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान, बैंक की ब्याज आय पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि के 27,961 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,954 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 12,532 करोड़ रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 13,606 करोड़ रुपये हो गई।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82251031 | (2025–26 एएमआई कोड–30.07) इन्फ्यूजन ह्यूमन सीरम एल्बुमिन 20% w/v IV 100 मिलीलीटर बोतल में। | 1635 no's | 21.02.2025 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82251031 दिनांक:– 17.01.2025 192/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय दुर्ग–जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी**
कक्ष क्र. 48 कार्यालय नगर निगम भिलाई जी.ई. रोड सुपेला भिलाई
E-mail - dbcitybus@gmail.com

क्र./पी.एम.ई.ब.से./2025/872/299 भिलाई दिनांक 16/01/2025

**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : https/eproc.cgstate.gov.in**


सचिव दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (2nd call) आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | निविदा पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कादम्बरी नगर दुर्ग बस डिपो में सब स्टेशन निर्माण कार्य ई-निविदा (2nd call) | 164270 | 192.58 | 144500.00 | 29/01/2025 | 30/01/2025 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जावे। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरें आनलाईन दी जावे। धरोहर राशि/स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 423 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ आईटी, बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों पर रहा बिकवाली दबाव

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली होने से बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया। बीएसई सेंसेक्स 423 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, बैंकों और वित्तीय शेयरों में बिकवाली के दबाव के अलावा विदेशी कोषों की निकासी का सिलसिला जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। उतार-चढ़ाव से भरे सत्र में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 423.49 अंक गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 779.53 अंक तक गिरकर 76,263.29 पर आ गया था।

इसी तरह निफ्टी भी 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 23,203.20 पर आ गया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार तीन दिनों तक तेज रहने के बाद फिर से गिरावट में रहा। आईटी एवं बैंक शेयरों में आई कमजोरी सूचकांक को नीचे लेकर आ गई। हालांकि रिलायंस. आईटीसी और एलएंडटी जैसे शेयरों में आई मजबूती ने गिरावट को थामने का काम किया।/" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस में करीब छह प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। देश की दूसरी बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड के नतीजे निवेशकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि कंपनी ने मांग बढ़ने से तीसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 11.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसी तरह एक्सिस बैंक के शेयर भी तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद चार प्रतिशत तक गिर गए।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.71 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.47 अरब डॉलर घटकर 536.01 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# अगले दो साल में 1,000 कंपनियां लाएंगी आईपीओ

## एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले दो वित्त वर्षों (2025-27) में कुल 1,000 कंपनियां अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती हैं। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम की यह उल्लेखनीय संख्या आर्थिक वृद्धि, अनुकूल बाजार स्थितियों और नियामक ढांचे में सुधार से प्रेरित होगी। निवेश बैंकरों के शीर्ष निकाय ने कहा कि इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) में आईपीओ और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से धन जुटाने की कुल राशि तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

■ तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान




### पिछले आठ साल में 851 कंपनियों ने लाया आईपीओ

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पूंजी बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। पिछले छह वित्त वर्षों में अब तक 851 कंपनियों ने आईपीओ लाकर सामूहिक रूप से 4.58 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें 281 बड़ी कंपनियां जबकि छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) की संख्या 570 रही।

### भारत ने अमेरिका यूरोप को पीछे छोड़ा

एआईबीआई के चेयरमैन महावीर लूणावत ने कहा, "भारत ने 2024 में आईपीओ मात्रा के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करके एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। 335 आईपीओ के साथ भारत ने सफलतापूर्वक अमेरिका और यूरोप दोनों को पीछे छोड़ दिया, जिसमें अमेरिका और यूरोप की तुलना में सूचीबद्ध आईपीओ की संख्या अधिक है।"

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77246384 | कटिंग चेन सेट फॉर बी सी एम आर एम–80– मशीन | 16 सेट | 10.02.25 |
| 02 | 14251182 | ई जी बेस्ड, ग्रीन कलर्ड, 40–60 एंटीफ्रीज वाटर सोल्युशन टू आई एस 5769/2006 | 61267 लीटर | 10.02.25 |
| 03 | 15245210A | हाई स्पीड प्रीसीजन लेथ मशीन | 02 नग | 11.02.25 |
| 04 | 77246605 | 70 डिग्री एंगल प्रोब | 864 नग | 13.02.25 |
| 05 | 06255001 | हाई टेन सील स्टील वायर स्ट्रैंड्स ऑफ 3 एम एम X3पी एल वाई | 350 एम टी | 14.02.25 |
| 06 | 06245057 | आई एस एच बी– 200X200X6एम एम | 300000 किलो ग्राम | 20.02.25 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। टेंडर नोटिस सं0 90/2024-2025 दिनांक: 17.01.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 195/25

**कार्यालय नगर पंचायत जरही जिला - सूरजपुर (छ.ग.)**
Email Id :- jarhi_nagarpanchyat@rediffmail.com

क्रमांक/2015/लो.नि.वि./न.प./2024-25 जरही, दिनांक 15/01/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर क. | कार्य का विवरण | लागत (लाख) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 164361 | Design, Construction, Testing, commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) workIncluding05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System In Nagar Panchayat, Jarhi under SBM. 2.0 | INR 223.19 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand Only) TDR/FDR in favour of Chief Municipal Officer Nagar Panchayat Jarhi | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand Only) DD in favour of Chief Municipal Officer Nagar Panchayat Jarhi | Construction Period - 15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of Work Order) | 10.02.2025 3.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत जरही, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डॉलर के मुकाबले रुपए एक पैसा टूटकर बंद

**मुंबई।** अंतर्बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की गिरावट के साथ 86.62 पर बंद हुआ। विदेशी कोष की भारी निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 पर खुला। सत्र के दौरान 86.55 के उच्चतम स्तर और 86.62 के निम्नतम स्तर के बीच सीमित रहा और अंत में डॉलर के मुकाबले 86.62 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से एक पैसा कम है।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की समय-सारणी में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | वर्तमान समय | | संशोधित समय | | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| 22439 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | 14:05 | ---- | 14:15 | ---- | 20.01.2025 |
| 22477 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | 23:15 | ---- | 23:20 | ---- | 20.01.2025 |
| 22478 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस | ---- | 05:50 | ---- | 05:45 | 21.03.2025 |

रेलयात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें


रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
191/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### शब्द पहेली - 5751




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा–4
3.गिरवी रखी वस्तु–3
5.चहा,पेय पदार्थ–2
6.ऐयार,गुप्तचर–3
7.संध्या,सांझ–2
9.रसद,किराणा सामग्री–3
11.करामात,करतब–5
14.विक्रय स्थल–3
16.कलाकार–4
17.चाहत,लगन–2
18.सद्,अच्छा–2
19.लंबा कोट–4
23.पानी की बूंद–3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण–5
27.लोभ,लालसा–3
28.दौड़ना(अंग्रेजी–2)
30.रेखा,लाइन–3
31.अकुवा,आकड़ा–2
32.अव्यवस्थित भीड़–3
33.अचानक,सहसा–4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब–2
2.सम्राट,शहंशाह–4
3.सांभर जैसा खाद्य–3
4.सरुर, मद–2
5.चापलूस–4
6.प्राण, जीवन तत्व–2
8.चिंतन–3
10.भद्र, कुलीन–3
12.अपराध–3
13.पिता का भाई–2
15.यात्री दल–3
17.प्रेम लगन–3
18.भ्रमर,जलावर्त–3
20.चमड़ी,त्वचा–2
21.अनुकृति–3
22.आर्द्रक–4
23.कटि,मध्यांग–3
25.हठ करना, जिद करना,रोना–4
26.साजन,सनम–3
27.थूक,लेस–2
29.भीगा हुआ–2
31.उम्मीद,आशा–2

**शब्द पहेली- 5750 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



# रणजी ट्रॉफी : कोहली दिल्ली की 22 सदस्यीय टीम में शामिल, चोटिल होने से खेलने पर संशय

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सौराष्ट्र के खिलाफ राजकोट में अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में रखा गया है लेकिन उनके चोट की खबर आने के बाद अभी उनके खेलने को लेकर संशय है। समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के आला अधिकारियों को बताया है कि उन्हें सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट लगी थी। वहां फिजियो ने उनका उपचार किया और अभी इस बारे में तस्वीर साफ नहीं है कि वह 23 जनवरी से होने वाला रणजी मैच खेलेंगे या नहीं। वह खेलेंगे या कुछ दिन अभ्यास के लिए राजकोट जाएंगे, इसके बारे में तभी पता चलेगा जब वह डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे।

### 2012 में खेला था रणजी मैच

कोहली ने 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में आखिरी बार रणजी मैच खेला था। इसके एक साल बाद सचिन तेंदुलकर ने लाहली में हरियाणा के खिलाफ अपना आखिरी रणजी मैच खेला। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सात साल बाद रणजी मैच खेलेंगे हालांकि समझा जाता है कि उन्होंने कप्तानी से इनकार कर दिया। इसके मायने हैं कि आयुष बडोनी ही कप्तान होंगे।



### घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य

बीसीसीआई ने सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। यशस्वी जायसवाल मुंबई के लिए और शुभमन गिल पंजाब के लिए खेल रहे हैं। रोहित शर्मा मुंबई रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं हालांकि उनका खेलना अभी तय नहीं है।

### बडोनी की कप्तानी में खेलने पंत राजी

डीडीसीए की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने बताया, 'ऋषभ का मानना है कि मौजूदा कप्तान को ही कमान संभालनी चाहिए। उनका मानना है कि चूंकि वह निरंतर उपलब्ध नहीं होंगे तो कप्तानी में बदलाव नहीं करना चाहिए। जब पंत को कप्तानी की पेशकश की गई तो उसने कहा कि वह बडोनी की कप्तानी में खेलकर खुश हैं। हमने 22 खिलाड़ी चुने हैं जिनमें पांच अंडर 23 खिलाड़ी हैं जो 25 जनवरी से छत्तीसगढ़ के खिलाफ सीके नायुडू अंडर 23 मैच के लिए भिलाई जाएंगे।'



### सफेद गेंद के क्रिकेट का अभ्यास कर रहे रोहित

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के प्रारूप में अपने कौशल को निखारने पर मेहनत कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर डाले एक वीडियो में 37 वर्ष के रोहित को अभ्यास सत्र में उनके चिर परिचित शॉट फ्लिक, ड्राइव, ऊंचे हिट और पूल लगाते देखा गया। आस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित मुंबई की रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। मुंबई को 23 जनवरी को रणजी मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है लेकिन अभी तय नहीं है कि रोहित उसमें खेलेंगे या नहीं। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में पहला मैच खेलना है। इससे पहले छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलनी है।

## खबर संक्षेप



### सुपर किंग्स-कैपिटल्स का मैच बारिश के कारण रद

**जोहानिसबर्ग।** जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच एसए 20 लीग का मै बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को दो दो अंक मिले। प्रिटोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 138 रन बना लिए थे जब भारी बारिश शुरू हो गई। सुपर किंग्स दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि प्रिटोरिया और एमआई केपटाउन नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इससे पहले जोबर्ग सुपर किंग्स की स्पिन तिकड़ी डोनोवान फरेरा , मोईन अली और इमरान ताहिर ने प्रिटोरिया के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

### कोहली के आटोग्राफ वाला बल्ला किया दान

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय स्टार विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के हस्ताक्षर वाला बल्ला क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स को दान कर दिया जिसकी नीलामी से मिलने वाली रकम दिव्यांग क्रिकेटरों की मदद के काम आएगी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और लियोन ने खुद भी तीन बल्लों पर हस्ताक्षर किए। ये हस्ताक्षर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान लिए गए जो आस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती।



### इंग्लैंड के महमूद को भारत ने दिया वीजा

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद को 22 जनवरी से कोलकाता में पहले टी20 मैच के साथ शुरू हो रहे भारत दौरे के लिए आखिरकार वीजा मिल गया। पाकिस्तानी मूल के महमूद को वीजा मिलने में विलंब के कारण यूएई में इंग्लैंड के अभ्यास शिविर से बाहर रहना पड़ा। लंकाशर के 27 वर्ष के तेज गेंदबाज महमूद यूएई में टीम से जुड़ेंगे जहां टीम ने जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और मार्क वुड जैसे तेज गेंदबाजों के लिए अभ्यास शिविर लगाया था। पाकिस्तानी मूल के दो अन्य खिलाड़ियों आदिल रशीद और रेहान अहमद को वीजा पहले ही मिल गया था।



### भारत ने पाकिस्तान को रौंदा फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर श्रीलंका में चल रही दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। लगातार चार जीत के साथ भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाए। भारत के लिए जितेंद्र वीएन ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नरेंद्र मंगौर और सन्नी को एक एक विकेट मिला। पाकिस्तान के लिए सैफुल्लाह ने 51 गेंद में 58 रन बनाए।



## आस्ट्रेलियन ओपन : सबालेंका की मेलबर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत

# एक भी सेट गंवाए बिना चौथे दौर में पहुंची गॉफ, जोकोविच भी जीते

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

अमेरिका की कोको गॉफ ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2025 में एक भी सेट गंवाए बिना चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। दो बार की गत चैंपियन आर्यना सबालेंका, नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज ने भी अपने अपने मुकाबले जीते। गॉफ ने अमेरिकी ओपन उपविजेता लैला फर्नांडिज को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं सबालेंका ने क्लारा टाउसन को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका को कोर्ट छोड़ना पड़ा।

सबालेंका ने अपना मुकाबला 7-6, 6-4 से जीता। इस सत्र में यह सबालेंका की लगातार आठवीं और मेलबर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत थी। उन्होंने दस दिन पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल जीता था। पुरुष वर्ग में 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने सांस लेने में हुई दिक्कत से उबरते हुए दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी थॉमस माचाक को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 19 वर्ष के याकूब मेंसिक को 3-6, 4-6, 7-6, 6-4, 6-2 से मात दी।



### बोपन्ना-झांग की आसान जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरुष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और आस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



### सीजमंड हारकर बाहर

एक अन्य मैच में अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा ने लौरा सीजमंड को 6-1, 6-2 से मात दी। सीजमंड ने दूसरे दौर में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन को हराया था। 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा ने मार्तो कोस्तियुक को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया जबकि 18वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच ने 12वीं वरीयता प्राप्त डियाना स्नाइडेर को 7-6, 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने मेगडालिना फ्रेच को 6-2, 1-6, 6-2 से हराया।

### चार सेट में जीते अल्काराज

पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-3, 6-4, 6-4 से मात दी जबकि तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज ने नुनो बोर्जेस को 6-2, 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 7-6, 6-2, 6-0 से शिकस्त दी। अल्काराज का सामना अब जैक ड्रेपर या अलेक्जेंडर वुकिच से होगा।

## क्रिकेट

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज होगा भारतीय टीम का ऐलान

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी घोषित होगी टीम



एजेंसी ▸▸| मुंबई

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार यानी 18 जनवरी को मुंबई में होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की मौजूदगी में भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी।

19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित होगी जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम घोषित की जाएगी। टीम की घोषणा के बाद शनिवार दोपहर 12.30 बजे रोहित और अगरकर प्रेस को संबोधित करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई के बयान के अनुसार, पुरुष चयन समिति इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुंबई में शनिवार को भारतीय टीम का ऐलान करेगी।

### भारत-पाक एक ग्रुप में शामिल

चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं और दोनों के बीच मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके बाद उसका पाकिस्तान से सामना होगा और फिर दो मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। चैंपिंयस ट्रॉफी का फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा।

### बुमराह-कुलदीप पर रहेंगी नजरें

स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की फिटनेस चिंताओं के कारण टीम घोषित होने में देरी हुई है। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट मैच के दौरान पीठ में दिक्कत हुई थी जिसके बाद उनका स्कैन किया गया था।

## क्रिकेट

# भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर



एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली आस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। वहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और फाइनल दो फरवरी को होगा। भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था।

### संभावित टीम

भारतीय टीम : निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस, स्टैंडबाय : नंदना एस, ईरा जे और अनादी टी।

# टाटा स्टील : आज गिरि से होगा गुकेश का सामना

**विज्क आन जी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में शनिवार को स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से होगा जो पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के बाद उनका पहला टूर्नामेंट है। 2023 के विजेता गिरि काफी कठिन प्रतिद्वंद्वी साबित होते आए हैं। लेकिन 18 वर्ष के गुकेश हमेशा आक्रामक खेलते हैं और इस समय फॉर्म में भी हैं। सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को हराने के बाद उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। गुकेश को शुक्रवार को सुबह ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न से नवाजा। वह समारोह के तुरंत बाद नीदरलैंड रवाना हो गए। भारत की पांच सदस्यीय टीम को शुरुआती मैचों में एक दूसरे से खेलना है। अर्जुन एरिगेसी पहले मुकाबले में पेंटाला हरिकृष्णा से खेलेंगे। विदित गुजराती के ऐन मौके पर निजी कारणों से नाम वापिस लेने के बाद हरिकृष्णा को मौका मिला है। आर प्रज्ञानानंदा पहले दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से खेलेंगे।

# बांग्लादेश को रौंदकर भारतीय महिला टीम खो खो विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को शुक्रवार को यहां 109-16 के बड़े अंतर से हराकर खो खो विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। कप्तान प्रियंका इंगले के नेतृत्व में भारत ने सभी चार टर्न में अपना दबदबा कायम रखा। टीम ने इस दौरान दूसरे टर्न में पांच मिनट से अधिक समय का ड्रीम रन हासिल किया। भारतीय महिला टीम लगातार पांचवें मैच में 100 से अधिक अंक हासिल करने में सफल रही। भारतीय टीम अनुभवी नसरीन शेख और प्रियांक के शानदार खेल से शुरुआती टर्न में ही 50 अंक हासिल करने में सफल रही। दूसरे टर्न में 'अटैक' करने की बारी बांग्लादेश की थी और उनके खिलाड़ी सिर्फ चार बार भारतीय खिलाड़ियों को 'टच' कर सके। दूसरे टर्न के बाद भारत की बढ़त 56-8 की थी। भारत ने तीसरे टर्न में अपनी बढ़त के अंतर में तेजी से इजाफा करना शुरू किया। रेशमा राठौड़ के स्काई डाइव से टीम लगातार पांचवें मैच में अंकों का शतक पूरा करने में सफल रही। तीसरे टर्न के बाद टीम 106-8 से आगे थी।

### भारतीय पुरुष टीम श्रीलंका को हराकर खोखो विश्व कप के सेमीफाइनल में

*नई दिल्ली। रामजी कश्यप, प्रतिक वाइकर और आदित्य गनपुले के पहले टर्न पर बनाई गई नींव की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां श्रीलंका को 100-40 से हराकर खो खो विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस भारतीय तिकड़ी ने पहले टर्न में 58 अंक जुटाकर प्रभावित किया और टीम को मजबूत शुरूआत कराई। इन्होंने 'ड्रीम रन्स' से श्रीलंका को एक भी अंक नहीं जुटाने दिया। श्रीलंका ने दूसरे टर्न में कोशिश की लेकिन उनके प्रयास नाकाफी रहे। भारतीय टीम की बढ़त जारी रही। तीसरे टर्न में भारत ने आक्रामकत दिखाई और इसके अंत में टीम 100 अंक तक पहुंच गई जो उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। अन्य मैचों में ईरान ने कीनिया को 86-18, दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 58-38 और नेपाल ने बांग्लादेश को 67-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।*

# ओलंपिक पदक का रंग उतरा स्वप्निल ने की बदलने की मांग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में मिले कांस्य पदक की चमक फीकी पड़ने से निराश निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने शुक्रवार को इस पदक को बदलने का अनुरोध किया। महाराष्ट्र के 29 साल के इस खिलाड़ी को पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में (451.4 स्कोर) कांस्य पदक मिला। स्वप्निल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अर्जुन पुरस्कार लेने के बाद इस सम्मान पर खुशी जताई लेकिन कहा कि पेरिस में उन्हें जो पदक मिला था, उसकी चमक अब फीकी पड़ने लगी है।





स्वप्निल ने साक्षात्कार में कहा, 'मेरे पदक की चमक उतर रही है। पेरिस से भारत आने के कुछ दिन बाद ही पदक का रंग उतरने लगा था, अब तो उस पदक का पूरा रंग उतर गया है। मैं इस बदलवाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ से बात करूंगा। ओलंपिक पदक किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी सफलता में से एक है और इतनी जल्दी इसका रंग उतर जाना निराशाजनक है।' इससे पहले निशानेबाज मनु भाकर ने भी पेरिस ओलंपिक के पदक का रंग उतरने की शिकायत की थी।

# कर्नाटक को नायर पर अंकुश लगाने की चुनौती

- विजय हजारे फाइनल आज, करुण ने 7 मैचों में बनाए 752 रन

एजेंसी ▸▸| वडोदरा

विदर्भ के कप्तान करुण नायर इतने जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे हैं कि रिकॉर्ड पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी खिताब जीतने के लिये कर्नाटक को शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में सबसे पहले उनके बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। नायर ने अब तक 112, 44, 163, 111, 112, 122 और 88 रन की पारियां खेली है जिनमें एक को छोड़कर सभी पारियां नाबाद रही है। उनके टूर्नामेंट में अब तक 752 रन हो गए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में किसी कप्तान के यह सर्वाधिक रन हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के रूतुराज गायकवाड़ का 660 रन का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2022-23 सत्र में बनाया था। नायर के पास टूर्नामेंट के एक सत्र में सर्वाधिक रन का नारायण जगदीशन का 2022-23 में बनाया 830 रन का रिकॉर्ड तोड़ने का भी मौका है। कर्नाटक की टीम पूरी कोशिश करेगी कि नायर 79 रन बनाकर वह रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए क्योंकि उसे भली भांति पता है कि अच्छी शुरुआत का मौका देने पर नायर कितने भारी पड़ सकते हैं। नायर को शीर्षक्रम से ध्रुव शोरे और यश राठौड़ से भी अच्छा सहयोग मिला है जो 384 रन बना चुके हैं। कर्नाटक इस तिकड़ी को जल्दी आउट करना चाहेगा चूंकि विदर्भ के मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अभी तक ज्यादा कुछ करना नहीं पड़ा है।




**गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी**

# कर्तव्य पथ पर रिहर्सल से 4 दिन बंद रहेंगे ये रास्ते, एडवाइजरी जारी

**यातायात पुलिस ने उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से जाने वाले वाहन चालको को रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड का रिहर्सल शुक्रवार से कर्तव्य पथ पर शुरू हुई। इसे लेकर शुक्रवार से कई रास्तों पर यातायात प्रभावित रहेगा। यातायात पुलिस ने इसको लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों से 17 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक कुछ रास्तों पर नहीं जाने की सलाह दी है।

### खास बातें

- सभी राज्यों से 700 कलाकार बुलाए गए
- 17 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक कुछ रास्तें बंद रहेंगे
- सुबह 10 .15 से दोपहर 12 .30 तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा मार्ग



### पूरे कर्तव्य पथ पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

*ऐसा पहली बार हो रहा है कि अब पूरे कर्तव्यपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम(लोक नृत्य) होंगे। अभी तक वीआईपी के बैठने वाले स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे। एक जगह पर देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी लोग नहीं देख पाते थे। पूरे कर्तव्यपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए देश के सभी राज्यों से 7000 कलाकार बुलाए गए हैं।*

### इन रास्तों पर रहेगी पाबंदी

दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में बताया कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था 17, 18, 20 और 21 जनवरी तक लागू रहेगी। सुबह 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कुछ मार्ग पर जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जिसमें कर्तव्यपथ-रफी मार्ग क्रासिंग, कर्तव्यपथ-जनपथ क्रासिंग, कर्तव्यपथ मानसिंह रोड क्रासिंग और कर्तव्यपथ सी हेक्सागन शामिल है।

### इन रास्तों का करें इस्तेमाल

यातायात पुलिस ने उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से जाने वाले वाहन चालको को रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को रिंग रोड से वंदे मातरम मार्ग से जाने की अपील की है। इसी तरह विनय मार्ग, शांति पथ या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाले वाहन चालकों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राउंड अबाउट आरएमएल, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तर दिल्ली या नई दिल्ली की ओर से जाने की सलाह दी है।

### 72 हजार लोगों के आने की संभावना

मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस सूत्रों के अनुसार समारोह में शामिल होने के लिए कुल 77000 हजार लोगों के आने की संभावना है। हालांकि इनमें से 10 से 15 हजार लोग ही अपने वाहनों से आते हैं। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि मंत्रालय की ओर से पांच गुना ज्यादा पास व टिकट जारी कर दिए जाते हैं।

**भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर**

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से इतर होगी क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय समूह क्वाड के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक अगले सप्ताह वाशिंगटन डीसी में होने की संभावना है।

इसमें भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के समारोह के साथ ही क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक हो सकती है। जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के लिए अमेरिका द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित न करने से जुड़े प्रश्न के जवाब में जायसवाल ने कहा कि इसे लेकर हमें ट्रंप-वेंस उद्घाटन समिति की तरफ से निमंत्रण मिला है। भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस. जयशंकर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। बताते चलें कि इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा।

### ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों पर आधारित तेल खरीद

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बीते दिनों भारत के तीन परमाणु संस्थानों जैसे इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड पर



लगाए गए प्रतिबंध को हटाना एक स्वागत योग्य कदम है। यह तीनों केंद्र बीते कई सालों से अमेरिका की प्रतिबंधित सूची में शामिल थे। अब इन पर प्रतिबंध हटने के बाद हम अमेरिका के साथ परमाणु, स्वच्छ ऊर्जा और जटिल खनिजों के क्षेत्र में भी काम कर सकेंगे। अमेरिका का यह कदम सिविल न्यूक्लियर फील्ड में नए आयाम खोलेगा। यह विषय दोनों देशों के बीच स्थापित आईसेट संवाद का भी हिस्सा है। वहीं, अमेरिका की ओर से हाल ही में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी कुछ संस्थाओं और व्यक्तियों पर लगाए गए अतिरिक्त प्रतिबंधों को देखते हुए भारत ने इसके प्रति उन्हें जागरूक किया है। साथ ही इसके प्रभावों के बारे में अमेरिका प्रशासन से अधिक स्पष्टीकरण मांगा है। भारत ने यह भी दोहराया है कि उसकी तेल खरीद देश की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और बाजार की स्थिति पर आधारित है।

### 2025 में होगी पुतिन की भारत यात्रा

जायसवाल ने कहा कि इस साल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा करेंगे। भारत रूस के साथ होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। यह आयोजन क्रमवार रूप से दोनों देशों में आयोजित किया जाता है। पिछले साल रूस में इसका आयोजन किया गया था। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का नेतृत्व किया था। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच फिलहाल कूटनीतिक माध्यमों से विचार-विमर्श जारी है। जैसे ही इसे लेकर तारीखों को अंतिम रूप दिया जाएगा। हम उससे संबंधित जानकारी देंगे।

### सीमापार आतंकवाद को बंद करे पाकिस्तान

मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान से भारत की स्थिति बिलकुल साफ हो गई है। वहां से आतंकवाद भारत और बाकी दुनिया में जाता है। इसे देखते हुए हम एक बार फिर से यह आह्वान करेंगे कि पाकिस्तान सरकार सीमापार आतंकवाद को बंद करे। भारत आतंकवाद और उसके किसी भी रूप को स्वीकार नहीं करेगा। हमारा कहना है कि जो देश किसी भी तरह से आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका पर्दाफाश किया जाना चाहिए।

### भारत-कनाडा साझेदारी आगे बढ़े

रणधीर ने कहा कि कनाडा में कुछ राजनीतिक गतिविधियां चल रही हैं। हम लोग उनपर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारत की यह आशा है कि दोनों देशों की साझेदारी लगातार आगे बढ़ती रहे। उन्होंने भारत-कनाडा के गहरे रिश्तों का हवाला देते हुए कहा कि हमारा आर्थिक रिश्ता बहुत मजबूत है। भारतीय बड़ी तादाद में वहां रह रहे हैं। देश के कई छात्र कनाडा में पढ़ाई करते हैं। वहीं, बांग्लादेश के मामले पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को लेकर भारत ने कई बार अपनी स्थिति को स्पष्ट किया है। विदेश सचिव ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान भी कहा था कि हम सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। भारत, बांग्लादेश के लोगों के साथ मित्रवत संबंध चाहता है। जो कि दोनों देशों के नागरिकों के भले के लिए होने चाहिए।

### अफगानी लोगों के लिए काम करेगा भारत

उन्होंने भारत के विदेश सचिव और तालिबान के विदेश मंत्री के बीच दुबई में हुई मुलाकात के मायने बताते हुए कहा कि इसके जरिए भारत वर्तमान की तर्ज पर भविष्य में भी अफगानिस्तान के विकास और आमजन के लिए दी जा रही मानवीय सहायता को जारी रखेगा। यह पूरी कवायद भारत की ओर से जारी विकास सहयोग से जुड़ी हुई है। रणधीर ने बताया कि काबुल में हमारा तकनीकी मिशन कई सालों से चल रहा है। साथ ही हमारी संयुक्त सचिव स्तर की बातचीत चलती रही है। हालिया बैठक में हमने विकास सहयोग के मामले में लोगों की मदद करने की इच्छा जताई है। पहले भी अफगानिस्तान के साथ हमारा विकास सहयोग काफी अच्छा रहा है। मानवीय सहायता, विकास सहयोग के अलावा खेल, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आए अनुरोध पर भी भारत काम करना चाहता है। जिससे हम अफगानी लोगों के बेहतर जीवन के लिए काम कर सकें।

**दोनों देश व्यापार निवेश बढ़ाने को राजी**

## सीतारमण सिंगापुर के राष्ट्रपति से मिलीं, कई अहम मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नई दिल्ली में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक में सिंगापुर के परिवहन और वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी शामिल थे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस बातचीत में फिनटेक, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर उद्योग और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया।

## समुद्र में पलटी नाव, 40 पाकिस्तानियों की मौत

**इस्लामाबाद।** मोरक्को के पास समुद्र में एक प्रवासी नाव के पलटने से बड़ा हादसा हो गया। स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे इस नाव में



80 प्रवासी सवार थे, जिनमें से 40 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तानी अधिकारियों और प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने दी है। वॉकिंग बॉर्डर्स के मुताबिक हादसे में कुल 50 से ज्यादा प्रवासी डूब सकते हैं। इस नाव ने 2 जनवरी को मॉरिटानिया से अपनी यात्रा शुरू की थी, जिसमें 66 पाकिस्तानी नागरिक शामिल थे। मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले इसी क्षेत्र से 36 लोगों को बचाया था।




## देश को 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई

**सिंगापुर भारत का 6वां सबसे बड़ा ट्रेड**

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

पिछले कुछ वर्षों में भारत-सिंगापुर सहयोग गहरा हुआ है। सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान भारत-सिंगापुर संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। भारत और सिंगापुर बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिन्होंने उन्नत विनिर्माण, कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा, स्थिरता, और शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में हमारे विस्तारित सहयोग को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विजन का एक प्रमुख स्तंभ है। वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था। दोनों देशों के मध्य राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के लिए, कई स्मारक कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। जो द्विपक्षीय साझेदारी को भारत और सिंगापुर द्वारा दिए जाने वाले महत्व को दर्शाते हैं।

## इमरान खान को भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल, बुशरा को 7 साल की कैद

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान की एक कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा मिली है। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। दोनों ने बुशरा बीबी के अल-कादिर ट्रस्ट के लिए पाकिस्तान सरकार की अरबों रुपए की जमीन सस्ते में बेच दिया था।

**मौसम विभाग ने दी 23 तक बारिश और बर्फबारी की चेतावनी**

# हिमपात से आफत, कश्मीर के कई संपर्क मार्ग बंद, रेल सेवा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ जम्मू

प्रदेश के कई हिस्सों में वीरवार को मौसम का मिजाज बदला। बारिश और बर्फबारी हुई। कश्मीर में एहतियात के तौर पर गुरेज-बांदीपोरा सहित कई मार्गों पर यातायात बंद किया गया है। बर्फ गिरने से बनिहाल-बड़गाम रेलखंड पर ट्रेन सेवा स्थगित की गई है। धुंध और खराब मौसम से कटड़ा-सांझीछत चॉपर सेवा बाधित रही। ताजा बर्फबारी से जिला राजोरी और पुंछ को शोपियां (कश्मीर) से जोड़ने वाला मुगल रोड के आगामी खुलने के आसार कम हैं। कश्मीर में रेल सेवा बहाल करने के लिए पटरियों से बर्फ हटाई जा रही है। घाटी के कई पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के साथ मैदानी इलाकों में बारिश हुई है। पहलगाम और सोनमर्ग के पर्यटक रिसॉर्ट, जोजिला पास, बडगाम, गुरेज, बांदीपोरा, गांदरबल के ऊपरी इलाकों और अन्य स्थानों पर सुबह से ही बर्फबारी हो रही है।



### भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना जताई

आगामी मौसम को देखते हुए गुरेज-बांदीपोरा, मुगल रोड और सिंथन टॉप सड़कों सहित अन्य कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल है। यात्रियों को ओवरटेक से बचने की सलाह दी गई है। दिन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने को कहा गया है। भूस्खलन या पत्थर गिरने के जोखिम के कारण रामबन और बनिहाल के बीच अनावश्यक रूप से न रुकने की सलाह दी गई है। वहीं, बीआरओ से हरी झंडी मिलने के बाद श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की अनुमति दी जाएगी। भद्रवाह-चंबा मार्ग, मुगल रोड और सिंथन रोड पहले से बंद हैं। करनाह-कुपवाड़ा मार्ग बहाल है।

### हिमपात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हिमपात से स्थानीय लोग और पर्यटकों तो खुश दिखे, लेकिन इससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारी हिमपात के कारण नवयुग सुरंग में बर्फ हटाने का काम बाधित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक गैरजरूरी यात्रा न करें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109